● जयपुर, बुधवार, 14 अगस्त 24 ● वर्ष 13 ● अंक 347 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 नौ बीघा भूमि पर बसाई गई दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त...
पेज @4 हर घर तिरंगा कार्यक्रम का पांचवा दिन, जिले में निकाली गई तिरंगा रैली...
पेज @8 उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जोधपुर में तिरंगा यात्रा को किया रवाना...

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिवृष्टि और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

## आपदा राहत कार्यों में मुस्तैदी बरतने, प्रभावितों के लिए सभी जरूरी सामग्री सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## करौली, दौसा, भरतपुर जिलों में लिया हालात का जायजा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 13 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को करौली, दौसा और भरतपुर जिलों में जलभराव व अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय पीजी महाविद्यालय करौली में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जलभराव वाले क्षेत्रों में आपदा राहत कार्य मुस्तैदी से किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने दौसा जिले में लवाण, राहुवास, निर्झरना, लालसोट, करौली जिले में करौली, सपोटरा, हिण्डौन सिटी और भरतपुर जिले में महरावर, समोगर, धुरैरी, महुआली, नहरौली, थाना डांग, चहल, सिंघाडा, सीदपुर, पुराबाई खेडा और नदी गांव का हवाई सर्वे कर अतिवृष्टि से हुए जल भराव और नुकसान का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को पेयजल, खाद्य सामग्री, दूध, चिकित्सा सुविधा सहित जरूरी चीजों की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अब तक किये गये आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए करौली एवं हिण्डौन शहर में जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिये भी अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (आपदा प्रबंधन एवं राहत) आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश, जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





### श्रीनगर गांव पहुंचकर बाणगंगा नदी में डूबे युवकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले 11 अगस्त को बयाना उपखंड के पिदावली ग्राम के पास बाण गंगा नदी के गड्ढे में डूबे 7 युवकों के घर श्रीनगर गांव पहुंच कर घटना पर दुख व्यक्त किया एवं परिवारजनों को ढ़ांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में परिजनों के साथ है। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मृतक के परिजनों को एसडीआरएफ मद से चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर को निर्देश दिए कि मृतक आश्रितों को पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाये तथा उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाए।


### भरतपुर में आवासीय क्षेत्रों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर जिले में हवाई सर्वे के दौरान जलभराव क्षेत्रों के साथ-साथ गम्भीर नदी के तटीय क्षेत्रों का जायजा भी लिया। उन्होंने झील का बाड़ा हैलीपेड पर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर पानी निकासी एवं राहत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने गम्भीर नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे नागरिकों को बहाव क्षेत्र से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए जलभराव से प्रभावित गांव में मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रखते हुए निरंतर सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने जल भराव प्रभावित आवासीय क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था की जानकारी ली और निर्देश दिए कि अत्यधिक वर्षा के दौरान जलस्त्रोतों के आसपास आमजन को नहीं जाने के लिए पाबंद किया जाए।

इस दौरान विधायक श्रीमती ऋतु बनावत, बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेष सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रभारी सचिव श्रीमती शुचि त्यागी, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव व जिला पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज़ अपडेट

### बाबा रामदेव को भ्रामक विज्ञापन मामले में बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने लिखित माफीनामे के बाद बंद किया केस



**नई दिल्ली/एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना का केस बंद कर दिया है। रामदेव और बालकृष्ण ने लिखित में माफी मांगी और कहा कि आगे से गुमराह करने वाले विज्ञापनों और पतंजलि के उत्पादों को लेकर भ्रामक दावे नहीं किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे। कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया था कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है। इसी के बाद बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद से एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि हलफनामा दायर करके बताना होगा कि विज्ञापन हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किए गए अनुरोध पर अमल किया गया है और इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तिरंगा मैराथन को किया रवाना

## तिरंगा राष्ट्रीय स्वाभिमान, एकता और अखण्डता का प्रतीकः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 13 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार सुबह 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा मैराथन को अल्बर्ट हॉल से रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर 'हर घर में तिरंगा' फहराने का संदेश दिया। श्री शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज थामे स्वयं भी धावकों के साथ मैराथन में हिस्सा लिया। जयपुर ग्रेटर नगर निगम द्वारा आयोजित इस रैली में हजारों धावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शर्मा ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ऐसी अभिनव पहल है, जो देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरव की भावना जागृत करती है। आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में शुरू किया गया यह अभियान अब एक जन आंदोलन बन गया है। इस अभियान के तहत घर में ध्वज फहराना ना केवल तिरंगे से व्यक्तिगत जुड़ाव का अहसास करवाता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हम सभी नागरिकों की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, एकता तथा अखण्डता का प्रतीक है तथा इस तिरंगा मैराथन के माध्यम से हम सभी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए जिससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो सके। उन्होंने प्रदेशवासियों से आ''ान किया कि हम सभी राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से काम करें जिससे देश एवं प्रदेश आगे बढ़ सकें।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित नगर निगम ग्रेटर के अधिकारी मौजूद रहे।

कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डरः




### दिल्ली से केरल तक हड़ताल पर डॉक्टर जारी

नई दिल्ली/एजेंसी

कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ देशभर के डॉक्टर्स मंगलवार के दिन भी हड़ताल पर है. इस दौरान डॉक्टर्स ने अपनी सेवाएं भी स्थगित रखी है. हालांकि अस्पतालों में इमरजेंसी सर्विस को बहाल रखा गया है. कोलकाता में महिला डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर देशभर के डॉक्टर्स में भारी रोष है. इस मामले में इंसाफ की मांग को लेकर देशभर में डॉक्टर्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. डॉक्टरों की हड़ताल को देखते हुए अस्पतालों में वैकल्पिक तैयारियां की गई थी, ताकि मरीजों को इलाज में किसी तरह की दिक्कत ना आए. लेकिन ये तमाम तैयारियां नाकाफी साबित हो रही है और इलाज कराने पहुंच रहे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना के मद्देनजर बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर डॉक्टर्स ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है. जिसके कारण दिल्ली सरकार के कई अस्पतालों के ओपीडी में आने वाले मरीजों को सोमवार को बिना चिकित्सकीय परामर्श के लौटना पड़ा. दिल्ली के कई अस्पतालों में आज भी हड़ताल है. कल की तरह आज भी मरीजों को इलाज के लिए दिक्कतें उठानी पड़ेगी. मरीज और उनके परिजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद शहरों से सुबह पांच बजे से ही कतार में लगने के लिए आ गए थे. लेकिन डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते उन्हें इलाज नहीं मिल पाया. बदरपुर बॉर्डर से एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के लिए आए मोहम्मद वकील ने कहा, 'मैं सुबह-सुबह यहां आया हूं.

# हिंडनबर्ग: काठ की हांड़ी बार-बार नहीं चढ़ती

हिंडनबर्ग कुछ समय से भारत के पीछे पड़ी हुई है। वह भारत में आर्थिक अस्थिरता उत्पन्न कर लाभ कमाने की जुगाड़ में है। पिछले वर्ष जनवरी में अमेरिका की इसी शॉर्ट सेलिंग कंपनी ने अडाणी समूह के शेयरों में हेराफेरी की आशंका वाली रिपोर्ट जारी कर भारतीय बाजार में तूफान खड़ा कर दिया। इस एक रिपोर्ट ने अडाणी समूह को संसार के अमीरों की सूची में चौथे पायदान से खिसकाकर सातवें नंबर पर पहुंचा दिया था। भारतीय निवेशकों का कई करोड़ रुपया एक झटके में डूब गया । तब विपक्ष ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर अडाणी और सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उस समय हिंडनबर्ग रिपोर्ट को विपक्ष का पूरा समर्थन मिला और भारत के जनमानस में इस अमेरिकी कंपनी के बारे में यह छवि बनाई गई कि यह निस्वार्थ भाव से निवेशकों के हित में रिपोर्ट जारी करने वाली शोध संस्था है। इसके बाद सरकार, सेबी और सुप्रीम कोर्ट तीनों ने रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष कमेटी बनाकर जांच करवाई तो सेबी ने अपने स्तर पर कार्रवाई आरंभ कर दी। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी हिंडनबर्ग का एक नया रूप सबके सामने आने लगा। जिस रिपोर्ट के कारण निवेशकों का करोड़ों रुपया डूबा था उन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं निकली। अपितु जांच में यह पाया गया कि इस झूठी रिपोर्ट से हिंडनबर्ग ने करोड़ों रुपये का लाभ कमाया और अडाणी व उनके निवेशकों को भारी क्षति हुई। जांच से देशवासियों को यह भी समझ आ गया कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही मजबूत है तथा सेबी और सरकार अपना काम भी ठीक से कर रही हैं। इस बार अगस्त में भारतीय शेयर बाजार नई ऊंचाइयों को छू रहा था तभी विश्व बाजार में कुछ घटनाएं एक साथ घटित हुईं। जापान में ब्याज दरों में अचानक वृद्धि हुई। अमेरिका में कथित मंदी की आशंका और जिओ पोलिटिकल टेंशन। इससे विश्व के बाजारों में तेज बिकवाली देखने को मिली। जापान के शेयर बाजार में एक दिन में बारह प्रतिशत से अधिक गिरावट दर्ज हुई। इस घटनाक्रम से भारतीय बाजार प्रभावित तो अवश्य हुआ किन्तु बुरी तरह नहीं टूटा। भारी दबाव के बीच भारतीय बाजार ने अपनी आत्मनिर्भरता का परिचय दिया। किन्तु इसी समय हिंडनबर्ग ने पिछले शनिवार को एक्स पर संदेश डाल कर सनसनी फैला दी। संदेश था- ''समथिंग बिग सून इंडिया''। यह संदेश पूरे संसार में आग की भांति फैल गया। निवेशकों की रात की नींद उड़ गई, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में नए निवेशक भी जुड़ रहे हैं। एक बुरी खबर पूरे बाजार पर कितनी भारी पड़ सकती है इस बात को निवेशक भली-भांति जानते हैं।

निवेशकों को मानसिक रूप से डराने और विचलित करने के बाद हिंडनबर्ग ने अपनी कथित रिपोर्ट जारी की। विपक्ष ने तत्काल इस रिपोर्ट पर कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। इस बार उसने अडाणी के साथ-साथ भारतीय प्रतिभूत और विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रमुख माधवी पुरी बुच और उनके पति को टार्गेट किया। उसने आरोप लगाया कि माधवी और उनके पति धवल बुच अडाणी की कंपनियों में निवेशक रहे हैं इसलिए अडाणी के विरुद्ध सही जांच नहीं हुई। इस रिपोर्ट के आते ही देश विरोधी पूरा इको सिस्टम सक्रिय हो गया। सेवी प्रमुख का इस्तीफा मांगा जाने लगा। भारतीय शेयर बाजार गहरे संकट में डूबने वाला है। यहां घोटाले हो रहे हैं आदि-आदि ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की गई। कहावत है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। इसलिए सजग पत्रकारों, भारत के आर्थिक विश्लेषकों और निवेशकों ने पूरे मामले को ध्यान से समझा और आत्मचिंतन किया। लोगों को समझ आ गया कि हिंडनबर्ग जिसे सनसनीखेज समाचार कह रहा है, उसमें कोई दम नहीं है। जिन लोगों को उम्मीद थी कि सोमवार को भारत का शेयर बाजार लाल हो जाएगा, उनके इन इरादों पर निवेशकों ने पानी फेर दिया। लोगों को यह समझ आ गया कि ये झूठे आरोप सेबी की पारदर्शिता एवं निवेशकों के विश्वास को क्षति पहुंचाने का कुत्सित षड्यंत्र हैं। इस रिपोर्ट को भारतीय बाजार के अधिकांश विश्लेषकों ने कूटरचित और फर्जी माना। शेयर बाजार के जानकार और विश्लेषक सुशील केडिया ने तो इसे धूर्तता से बनाया गया डॉक्यूमेंट तक कह दिया।

इन सब बातों का परिणाम यह हुआ कि भारत का निवेशक भी इस कंपनी की जालसाजी को समझ गया। इसलिए सोमवार के दिन शेयर मार्केट में कोई बड़ा भूचाल नहीं आया। किन्तु विडम्बना की बात यह है कि जिस रिपोर्ट को बाजार के जानकार फर्जी, कूटरचित और साजिश बता रहे हैं कांग्रेस उसी कथित रिपोर्ट के आधार पर सेबी चेयरमैन का इस्तीफा मांग रही है। सेबी प्रमुख और हिंडनबर्ग के मध्य इन दिनों जो सवाल-जबाव चल रहे हैं उनसे यह स्पष्ट है कि हिंडनबर्ग का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचा कर लाभ कमाना है। कांग्रेस अपने देश के निवेशकों का मटियामेट करने में संकोच नहीं कर रही, यह चिंता का विषय है। शेयर मार्केट से जुड़े हुए लोग जानते हैं कि हिंडनबर्ग अमेरिका की एक शॉर्ट सेलिंग कंपनी है जो अपनी कथित रिपोर्ट से लक्षित शेयरों की कीमत गिराकर तथा गिरते हुए शेयरों पर दांव लगाकर बड़ा लाभ कमाने (शॉर्ट सेलिंग) के लिए बदनाम है।

अपनी पिछली रिपोर्ट से उसने निवेशकों को कंगाल बना कर खूब पैसा कमाया किन्तु इस बार वह अपने षड्यंत्र में सफल नहीं हो सकी। प्रश्न यह भी है कि जिस कंपनी पर उसके अपने देश अमेरिका में जांच चल रही हो, जिस कंपनी की स्वयं की गतिविधियां संदिग्ध हों उसे भारत के विपक्ष के नेताओं का समर्थन क्यों मिल रहा है? भारत की संवैधानिक संस्थाओं एवं सरकार पर नजर रखना व समीक्षा करना विपक्ष का परम कर्तव्य है किन्तु किसी विदेशी बदनाम व्यापारिक संस्था की रिपोर्ट के आधार पर अपने देश को आर्थिक रूप से अस्थिर करने के लिए अग्रसर हो जाना ठीक नहीं है। अब देखना यह है कि विपक्ष इस मुद्दे को कहां तक ले जाता है।

# आजादी के जश्न से विकसित भारत की शुरुआत



ललित गर्ग



भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस आजादी अमृतकाल के कालखंड के संदर्भ में एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति देने एवं नये संकल्प बुनने का अवसर है। यह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना का स्मरण करने से कहीं ज्यादा है, यह भारत की चिरस्थायी भावना, समृद्ध विरासत और इसकी विविध आबादी को जोड़ने वाली एकता का जश्न है। यह स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करने, पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई प्रगति का जश्न मनाने और निरंतर विकास और समृद्धि से भरे भविष्य की आशा करने का दिन है। 'विकसित भारत' की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनाने का आ''ान होगा। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। कोई भी विकसित होता हुआ देश किन्हीं समस्याओं पर थमता नहीं है। समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। स्वतंत्रता दिवस का एक दुर्लभ अवसर है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाना कोई अतिशयोक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। केवल अपना उपकार ही नहीं परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है। भारत तो अतीत से विश्व को परिवार मानता रहा है, तभी उसने वसुधैव कुटुंबकम् का मंत्र उद्घोष किया। मोदी ने अतीत की उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए विश्व को अपना परिवार मानने की भावना का परिचय बार-बार दिया है। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता को जीना होगा। यही भावना सबल, सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा।

अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं वाले प्रधानमंत्री ने जमीन से जुड़ी प्रतिभाओं को पद्म सम्मान देकर भी भारत के जन-जन को उचित सम्मान देने की परम्परा का सूत्रपात किया है। आज जबकि भारत अपने पडोसी राष्ट्रों की अस्थिर, अराजक एवं हिंसक घटनाओं से घिरा है, जब प्रधानमंत्री ने यह भरोसा दिलाया कि अनेक चुनौतियों के बावजूद भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, सुरक्षित और विकसित राष्ट्र का सपना साकार करने को तत्पर है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को साकार करते हुए मोदी देश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने में जुटे हैं। इससे यह तो साफ हो गया कि वे इन बुराइयों से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने राजनीति ही नहीं बल्कि जन-जन में व्याप्त होते भाई-भतीजावाद एवं परिवारवाद जैसी अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं को देश के लिये गंभीर खतरा बताया। इस बार मोदी ने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया, जिसे लेकर विपक्ष की भृकुटि कुछ तन गई है। उनके राष्ट्र-संकल्पों में ऐसी किरणे हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि ''अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ''। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।''

आधारभूत ढांचों का विकास किसी देश की क्षमता का स्पष्ट प्रमाण है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक भारत ने आधारभूत ढांचों के विकास की कहानी भारत की कुशल नीतियों को बयां करती है। भारत बुनियादी ढांचों के विकास में अब वैश्विक स्तर छू रहा है। भारत दुनिया में बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। बिजली की औसत उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में 20.5 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 23.5 घंटे तक पहुंच गई है। ट्रांसयूनियन सीआईबीआईएल की एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 तक इंटरनेट के कुल नये यूजर में लगभग 56 फीसदी ग्रामीण भारत से होंगे। जनधन खाता सरकारी योजना के लाभार्थियों के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण का एक प्रमुख उपकरण बन गया है। आजादी के पहले पर्यटन जहां तीर्थाटन और देशाटन तक सीमित था, आजादी के बाद व्यवस्थित उद्योग के रूप में विकसित होना शुरू हुआ। आज स्थिति यह है कि पर्यटन के मानचित्र में भारत एक प्रमुख देश के तौर पर दर्ज है। लगातार हुए सरकारी प्रयासों के फलस्वरूप यह उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था का बड़ा संबल भी बना है। हालांकि अभी ऊंचाइयां छूना बाकी है, पर प्रगति की तेजी उल्लेखनीय है।

प्रधानमंत्री देश में आतंकवादी वारदातें कम करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के संकल्पों के साथ आगे बढ़ते हुए गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च कर रहे हैं और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। देशवासियों को?इस बात का अहसास होने लगा है कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।?मोदी देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आ''ान करते हुए राष्ट्र को सबल एवं सक्षम बना रहे हैं। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है। हमें जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। वाकई देश में सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा है कि यदि सरकार का कर्तव्य है- हर समय बिजली देना, तो नागरिक का कर्तव्य है- कम से कम बिजली खर्च करना। अगर हमने इन संकल्पों को गंभीरता से लिया, तो भारत को विश्वगुरु होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। यह थीम 2024 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह थीम बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करती है। इसकी संपूर्ण झलक हमें कालजयी नेतृत्व मोदी की कार्य-योजना एवं नीतियों मिलती है जो 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का रोडमैप है। जब मोदी का रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म अब देश की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बन गए हैं। इनके चलते नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति बनेगी। यह विषय आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करता है जहां प्रत्येक नागरिक उन्नति कर सके। यह एक समृद्ध, समावेशी और लचीले भारत के निर्माण की सामूहिक आकांक्षा को दर्शाता है, जो आधुनिक प्रगति को अपनाते हुए अपनी समृद्ध विरासत का जश्न मनाएगा। इससे भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित होगा।

# अखंड भारत ही बनेगा विश्व गुरु



सुरेश हिन्दुस्थानी

वर्तमान में जब कहीं से भी देश को तोड़ने की बात आती है तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रतिकार भी जबरदस्त तरीके से होता है। यह प्रतिकार निश्चित रूप से उस राष्ट्रभक्ति का परिचायक है, जो इस भारत देश को देवभूमि भारत के रूप में प्रतिस्थापित करने का प्रमाण प्रस्तुत करने का अतुलनीय सामर्थ्य रखती है। यह आज के समय की बात है, लेकिन हम उस कालखंड का अध्ययन करें, जब भारत के विभाजन हुए। उस समय के भारतीयों के मन में विभाजन का असहनीय दर्द हुआ। जो असहनीय पीड़ा के रूप में उनके जीवन में प्रदर्शित होता रहा और देश को जगाते-जगाते वे परलोक गमन कर गए। अभी तक भारत देश के सात विभाजन हो चुके हैं। जरा कल्पना कीजिए कि अगर आज भारत अखंड होता तो वह दुनिया की महाशक्ति होता। उसके पास मानव के रूप में जनशक्ति का प्रवाह होता। लेकिन विदेशी शक्तियों ने भारत के कुछ महत्वाकांक्षी शासकों को प्रलोभन देकर भारत पर एकाधिकार किया और योजना पूर्वक भारत को कमजोर करने का प्रयास किया। आज जिस भारत की तस्वीर हम देखते हैं, वह अंग्रेजों और उन जैसी मानसिकता रखने वाले लालची भारतीयों द्वारा किए गए कुकृत्यों का परिणाम ही है, लेकिन आज भी भारत में एक वर्ग ऐसा भी है, जिनकी आंखों में अखंड भारत का सपना है। उनके मन में अखंड भारत बनाने का संकल्प है। इसी संकल्प के आधार पर वे सभी इस दिशा में सार्थक प्रयास भी कर रहे हैं।




अखंड भारत स्मृति दिवस पर महर्षि अरविंद का स्मरण जरूरी है। भारतीय मनीषी और राष्ट्र के साथ एकात्म भाव रखने वाले महर्षि अरविंद ने विभाजन के असहनीय दर्द को आमजन की दृष्टि से देखने का आध्यात्मिक प्रयास किया। तब उनकी आंखों के सामने अखंड भारत का स्वरूप दिखाई दिया। योगीराज महर्षि अरविंद ने 67 वर्ष पूर्व 1957 में कहा था कि देर कितनी भी हो जाए, पाकिस्तान का विघटन और उसका भारत में विलय होना निश्चित है। राष्ट्र के प्रति इसी प्रकार का एकात्म भाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर उपाख्य श्रीगुरुजी के जीवन में भी दृष्टव्य होता रहा। वे अपने शरीर को भारत देश की प्रतिकृति ही मानते थे। जब भी देश पर कोई संकट आता था, तब उनके शरीर में वैसा ही कष्ट होता था। इसलिए कहा जा सकता है कि उनको राष्ट्र की समस्याओं का पूर्व आभास भी होता था। जहां तक अखंड भारत की बात है तो यह मात्र कहने भर के लिए ही नहीं, बल्कि एक शाश्वत विचार है, जो आज भी भारत की हवाओं में गुंजायमान होता रहता है।

विचार करने वाली बात यह भी है कि जब भारत देश के टुकड़े नहीं हुए थे, तब हमारा देश पूरे विश्व में ज्ञान का आलोक प्रवाहित कर रहा था। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान भारत के संत मनीषियों के पास विद्यमान था। इसलिए भारत के सिद्ध संत केवल भारत के संत न होकर जगद्गुरु के नाम से विख्यात हुए। उनकी दृष्टि में पूरा विश्व एक परिवार की तरह ही था। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि भारत कई बार विभाजित होता रहा और आज जो भारत दिखाई देता है, वह भारत का एक टुकड़ा भर है।

भारत के विभाजन का अध्ययन किया जाए तो हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि यह विभाजन भारत की भूमि के टुकड़े करके ही हुए हैं। जिस भारत को हम माता के स्वरूप में पूजते आए हैं, उसे कम से कम वे लोग तो स्वीकार नहीं कर सकते, जो भारत की भक्ति में लीन हैं। इतिहास का अध्ययन करने से पता चलता है कि महाभारतकालीन गांधार देश यानी आज का अफगानिस्तान वर्ष 1747 में भारत से अलग हो गया। इसी प्रकार 1768 से पूर्व नेपाल भी भारत का अंग ही था। 1907 में भारत से अलग होकर भूटान देश बना। 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ। 1948 में श्रीलंका अस्तित्व में आया। इसी प्रकार पाकिस्तान से अलग हुआ बांग्लादेश 1971 में एक अलग देश के रूप में स्थापित हुआ। जरा विचार कीजिए ये सभी देश आज भारत का हिस्सा होते तो भारत की शक्ति कितनी होती?

आज कोई अखंड भारत की बात करता है तो कई लोग इसे असंभव कहने में संकोच नहीं करते। यहां पहली बात तो यह है कि हम किसी देश को छीनने की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने देश के विभाजित भाग को भारत में मिलाने की ही बात कर रहे हैं। कभी भारत के हिस्से रहे देश को भारत में मिलाने की बात करना असंभव नहीं माना जा सकता। आज धीरे ही सही, लेकिन भारत उस दिशा की ओर प्रवृत्त हुआ है। जबकि जो देश भारत से अलग हुए हैं, उनमें से अधिकांश देश बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। श्रीलंका की स्थिति सबके सामने है। पाकिस्तान भी उसी राह पर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश में भुखमरी के हालात हैं। अफगानिस्तान खौफ के वातावरण में जी रहा है। सवाल यह उठता है कि इन देशों को भारत से अलग होने के बाद क्या मिला? कुछ नहीं।

वर्तमान में भारत में राष्ट्रीय एकता का भाव भी है तो भारत की संस्कृति का प्रवाह भी। भारतीय संस्कृति सबको जोड़ने का प्रयास करती है, जबकि अन्य संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव नहीं है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति के माध्यम से पूरे विश्व को एक ऐसी दिशा का बोध कराया जा सकता है, जहां शांति भी है और प्रगति के रास्ते भी हैं। अब इस दिशा में और अधिक तेजी से कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए अब समय अनुकूल है। इसलिए सभी भारतीय नागरिक इस दिशा में आगे आकर उस प्रवाह में शामिल होने का प्रयास करें, जो भारत को अखंड बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अखंड भारत की संकल्पना जहां भारत को ठोस आधार प्रदान करने में सहायक होगा, वहीं यही आधार भारत को पुनः विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करेगा, यह तय है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# धार्मिक स्थलों में बदइंतजामी श्रद्धालुओं की जान पर भारी!



मनोज कुमार अग्रवाल

बिहार के जहानाबाद जिले में सावन के चौथे सोमवार 12 अगस्त 2024 को एक बड़ा हादसा हुआ है। वाणावर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सोमवार सुबह भगदड़ मच गई। इसमें छह महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई।सावन के चौथे सोमवार के चलते सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ सोमवार देर रात से ही लगी हुई थी। यह घटना सोमवार को रात करीब 1:00 बजे घटित हुई।यह पहला मौका नहीं है जब किसी धार्मिक स्थल पर मची भगदड़ में श्रद्धालुओं की अकाल मौत हुई है। इस हादसे में भी वही लापरवाही सामने आई है जो पिछले कई हादसों में देखने को मिली। बताया गया कि मंदिर में दर्शन को लेकर कुछ श्रद्धालुओं में कहासुनी हुई। इस दौरान पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद मंदिर में अचानक भगदड़ मच गई। अधिकारीक तौर पर बताया गया है मंदिर में भगदड़ मचने के कारण कुछ लोग दब गए, जिनमें से सात लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार रात से ही मंदिर में भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी और इसके बाद सोमवार तड़के वहां भगदड़ मच गई। फिलहाल पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। उधर इसी दिन देवघर में भगवान शिव पर जल चढ़ा कर लौट रहे 6 कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में हुआ। श्रावण माह के सोमवार को बाबाधाम से भगवान शिव पर जल चढ़ाकर कार सवार सिक्किम की ओर जा रहे थे।

हमारे तीर्थ स्थलों, मंदिरों, कांवड यात्राओं, रथ यात्राओं, दुर्गा व गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्राओं दशहरा व कुंभ मेला आदि कोई आयोजन ऐसा नही है जो हर साल बिना निर्दोष श्रद्धालुओं की जान गंवाए सम्पन्न कराने का दावा कर सकें। स्पष्ट है कि हमारी व्यवस्था और तैयारियों में कमी है वही व्यवस्था बनाने के लिए तैनात पुलिस और निजी सुरक्षा गार्ड भीड़ भरे माहौल में लाठी चला कर अपने गैरजिम्मेदाराना व्यवहार से हादसों को आमंत्रण देते हैं।

आपको याद होगा कि एक महीने पहले ही 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक सभा में मची भगदड़ में 107 लोगों की जान चली गई। इनके अलावा बच्चों, महिलाओं समेत दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब देश में किसी धार्मिक सभा में भगदड़ मची और दर्जनों ने जान गंवाई हो। पिछले कुछ सालों में कई धार्मिक सभाओं में भगदड़ जैसी घटना घटी और बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हो गई थी।



31 मार्च, 2023: इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर आयोजित 'हवन' के दौरान एक प्राचीन 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई थी।

**1 जनवरी, 2022:** जम्मू-कश्मीर में मशहूर माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

**14 जुलाई, 2015:** आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 'पुष्करम' उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवाई और अन्य 20 लोग घायल हो गए थे।

**3 अक्टूबर, 2014:** दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मचने से 32 लोगों की मौत हो गई थी और 26 अन्य घायल हो गए थे।

**13 अक्टूबर, 2013:** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। तब यह अफवाह फैल गई थी कि नदी के जिस पुल को लोग पार कर रहे थे, वो ढहने वाला है।

**19 नवंबर, 2012:** पटना में गंगा नदी के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में करीब 20 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे।

**8 नवंबर, 2011:** हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर-की-पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोग मारे गए थे।

**14 जनवरी, 2011:** केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में लोग सबरीमला के दर्शन कर घर लौट रहे थे, जब एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए थे और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

**4 मार्च, 2010:** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में करीब 63 लोग मारे गए थे। यहां लोग स्वयंभू बाबा से मुफ्त कपड़े और भोजन लेने के लिए इकट्ठा हुए थे, जब भगदड़ मच गई थी।

**30 सितंबर, 2008:** राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह की वजह से मची भगदड़ में करीब 250 श्रद्धालु मारे गए थे और 60 से ज्यादा घायल हो गए थे।

**3 अगस्त, 2008:** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह की वजह से मची भगदड़ में 162 लोग मारे गए थे और 47 घायल हो गए थे।

**25 जनवरी, 2005:** महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान 340 से अधिक श्रद्धालु कुचले गए और सैकड़ों घायल हो गए थे। यह दुर्घटना तब हुई थी, जब कुछ लोग नारियल की फिसलन पर फिसल गए थे।

**27 अगस्त, 2003:** महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में पवित्र स्नान के दौरान मची भगदड़ में 39 लोग मारे गए थे और करीब 140 घायल हो गए।

इन हादसों को याद दिलाने का एकमात्र उद्देश्य यह बताना है कि देश के हर हिस्से में हमारे तीर्थस्थलों मंदिरों धार्मिक आयोजनों स्नान पर्व व कांवड यात्राओं गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्राओं दशहरा मेला आदि के दौरान भी भारी अव्यवस्था लापरवाही और संयम आत्मानुशासन का नितांत अभाव देखने को मिलता है कायदे से जब हम किसी मंदिर दर्शन अथवा धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए जाते हैं तो हमें शांत अनुशासित संयमित व्यवहार करना चाहिए हमारे प्रमुख मंदिरों सबरीमाला वैष्णो देवी नैना देवी बांके बिहारी मथुरा में भी अव्यवस्था और दर्शनार्थियों का ही असंयमित व्यवहार जानलेवा बन जाता है।

जरूरत इस बात की है कि किसी भी मंदिर धर्मस्थल अथवा आयोजन में शामिल होने की अनिवार्य शर्त बतौर हम अनुशासित परस्पर सहयोगी व्यवहार को आत्मसात करने का प्रण लें। ऐसा करने के लिए तमाम धर्म गुरु कथा वक्ता आयोजक व प्रबंधक आम लोगों को मानसिक रूप से तैयार करे और प्रेरणा दें। सिर्फ संयमित व जिम्मेदाराना व्यवहार के बूते पर ही मेलों कुंभ सरीखे स्नान पर्वो पुरी व कांवड यात्राओं समेत धार्मिक स्थलों के दर्शन को हादसा मुक्त बनाया जा सकता है और हर साल सैकड़ों श्रद्धालु ओं को मौत के मुंह में जाने से रोका जा सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत मदरसा मुफीदुल इस्लाम के बच्चों ने रंगोली व मॉडल बनाए



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ झुंझुनूं (खलील कुरैशी)** राजस्थान मदरसा बोर्ड द्वारा संचालित मदरसा में हर घर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला अल्पसंख्यक कार्यालय के आदेशानुसार मदरसा मुफीदुल इस्लाम में रंगोली, मॉडल व पेंटिंग सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक प्रोग्राम अधिकारी नेहा झाझड़िया रही। मुख्य अतिथि ने मदरसा के छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए मॉडल का निरीक्षण कर बच्चों के मॉडल की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम छात्र-छात्राओं संबोधित करते हुए कहा जो बच्चे मॉडल बनाते हैं उनमेआत्मविश्वास बढता है और आने वाले समय में कुछ अच्छा करने का प्रयास करते है और कडी मेहनत कर अपने भविष्य को संवारे। मदरसा के छात्र-छात्राओं ने मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वरिष्ठ सहायक कर्मपाल पायल ने मॉडल व रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर अथितियों ने एक पेड मां नाम के तहत मदरसा परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर वरिष्ठ सहायक कर्मपाल, अब्दुल हमीद खान, वसीम कुरैशी, फारुक सोलंकी, हारुन कुरैशी, अकीला बानो, समीरा बानों व रुख्सार बानों सहित स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

### जिला जयपुर प्रथम में शक्ति दिवस का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर प्रथम 13, अगस्त ' जिला जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जयपुर प्रथम डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

### भरतपुर जिले में कोतवाली थाना पुलिस की कार्रवाई

- **गैंगवार की योजना में शामिल 10 हजार का इनामी बदमाश मोहित उर्फ रेसलर गिरफ्तार, एक बाल अपचारी निरुद्ध**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/भरतपुर!(खलील कुरैशी) 13 अगस्त।** भरतपुर जिले की स्पेशल टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने जून महीने में थाना क्षेत्र में तीन व्यक्तियों पर गैंगवार करने की योजना बनाने के मामले में 10 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। गिरफ्तार बदमाश मोहित उर्फ रेसलर पुत्र कुंदन सिंह जाट (25) तीन धोक जघीना थाना उद्योग नगर का रहने वाला है।एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 22 जून को थाना कोतवाली भरतपुर में एक प्रकरण इस आशय का पंजीबद हुआ कि कुछ बदमाश तीन व्यक्तियों पर गैंगवार करने की फिराक में है। मामले में गहनता से अनुसंधान कर साक्ष्य संकलित किए गए। तकनीकी सहायता के आधार पर सन्दिग्ध बदमाशों को चयनित किया गया।अनुसंधान में मुख्य आरोपी रोहित जाट निवासी हथैनी थाना चिकसाना हाल निवासी रनजीत नगर सहित प्रशान्त चौधरी व लोकेश चौधरी निवासी सोगर थाना कुम्हेर जिला डीग, शुभम लवानियां, बल्लो उर्फ बलराम निवासी तीन थोक जघीना थाना उधोगनगर, मोहित रेसलर, गब्बर, परमवीर, पंकज पुत्र रविन्द्र निवासी जघीना हाल बन्दी उच्च सुरक्षा कारागृह अजमेर, जहांगीर उर्फ बाबू उर्फ डोरेमन निवासी भांखरी बास थाना सूरसागर जोधपुर व लोकेन्द्र उर्फ लौकी गुर्जर निवासी मालीपुरा थाना सेवर हाल बन्दी उच्च सुरक्षा कारागृह अजमेर का शरीक होना पाया गया।एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि थानाधिकारी कोतवाली एवं डीएसटी प्रभारी रामरूप मय जाब्ता द्वारा मामले में वांछित चल रहे 10 हजार के इनामी मोहित उर्फ रेसलर को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। इस मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## दस बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

# नौ बीघा भूमि पर बसाई गई दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) 13 अगस्त।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 09 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-02 में ग्राम बनतलाव आमेर में जेडीए स्वामित्व की करीब 10 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि कोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मानसर खेढी जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउन्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज




जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगीजेडीए द्वा-रा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मानसर खेढी इसरा गांव जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि परजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।इसी प्रकार जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बनतलाव आमेर मोती कुआ पुरानी छतरी पह-ड़ की तलहटी के पास जिला जयपुर में खसरा नम्बर-1036, 1040, 1046/8920, 1035 जेडीए स्वामित्व की करीब 10 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से नींव खोदकर बनाए गए डण्डे, पत्थर डाल कर तारबंदी कर अतिक्रमण किये जाने की षिकायत प्राप्त होने पर उपायुक्त जोन कार्यालय से अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व में नोटिस जारी किये जाकर अतिक्रमणकताओं को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था, परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि-पार्क पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-02 को पत्र लिखा गया है। उक्त कार्यवाहियां उप नियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम व द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-02 तथा पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानय पुलिस थाना आमेर का ज्राप्ता व प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में चारदीवारी में बुधवार को जन आक्रोश रैली

### सर्व हिंदू समाज के प्रदर्शन में साधु-संत भी होंगे शामिल

चमकता राजस्थान

जयपुर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बुधवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। सुबह 11 बजे न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में जन आक्रोश प्रदर्शन होगा। इसके बाद रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता होते जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी जो वापस न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पहुंच कर संपन्न होगी। इस आशय का निर्णय मंगलवार को राजपूत सभा भवन में सर्व हिंदू समाज की बैठक में लिया गया। बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बात रखते हुए जन आक्रोश रैली को हाथ उठाकर सफल बनाने का संकल्प लिया रैली में प्रमुख साधु-संत, विभिन्न समाजों के प्रमुख सहित शहर की जनता शामिल होगी। बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अत्याचार पर आक्रोश व्यक्त किया जाएगा। न्यू गेट स्थित राम लीला मैदान में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में रामधुनि और देश भक्ति गीत होंगे। साधु-संतों के उद्बोधन के बाद विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि संबोधित करेंगे। इस मौके पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा।



#### होगा हवन-तर्पण-नाम संकीर्तनः

इससे पूर्व गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और मानसरोवर के श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में सुबह सात बजे से बांग्लादेश में मारे गए हिंदुओं की आत्मा की शांति और वहां निवास कर रहे हिंदुओं के शौर्य जगाने के लिए के लिए विशेष हवन किया जाएगा। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि बांग्लादेश में शांति कायम हो और वहां रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार रुके इसके लिए ठाकुरजी से प्रार्थना की जाएगी। उधर, गलताजी में तर्पण का कार्यक्रम होगा। बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा जिन हिंदुओं की हत्या की गई उनकी आत्मशांति के लिए तर्पण किया जाएगा। कई स्थानों पर कैंडल मार्च भी निकाले जाएंगे। छात्र संगठन भी अपने स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

#### व्यापार महासंघ द्वारा बाजार बंद का निर्णय

जयपुर व्यापार महासंघ, अन्य व्यापारिक संगठनो के साथ मिलकर बुधवार को दोपहर 12 बजे तक जयपुर बंद का स्वेच्छिक निर्णय लिया है बांग्लादेश में व्यापारिक नरसंहार के विरोध मैं दोपहर 12 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके विरोध प्रदर्शन करने के लिए जयपुर व्यापार महासंघ ने बंद का निर्णय लिया है

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश आईटी संयोजक युवा नेता इरशाद को, सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सम्मानित किया

- **समर्पण भाव से सच्चें कार्यकर्ता की पहचानः हमीद खान मेवाती**



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी)!** भाजपा प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में आयोजित डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2024 के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के स्टार्टअप योजना से जुड़े प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के 7 युवा उद्यमियों को मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व सांसद दामोदर अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री व विधायक जितेंद्र गोठवाल ने, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश आई-टी संयोजक युवा नेता इरशाद हसनपुरा जयपुर को, सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, मोर्चा प्रदेश प्रभारी जोसफ जॉन हॉकिंस, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागजी, प्रदेश आईटी संयोजक इरशाद हसनपुरा, प्रदेश कार्यालय मंत्री उस्मान खान, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अब्दुल अजीज, पूर्व जिला अध्यक्ष जयपुर शहर जफर मिर्जा, जिला महामंत्री परवेज खान, माजीद पठान समेत मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीआरएफ ने हिंडौन सिटी के जलमग्न कस्बे में फंसे कुल 40 नागरिकों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

चमकता राजस्थान।

**जयपुर, (खलील कुरैशी) 13 अगस्त।** करौली जिले के हिंडौन सिटी कस्बे में सराफा बाजार व कटला बाजार में फंसे 40 नागरिकों को एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सफलता हासिल की है। रेस्क्यू किए गए नागरिकों में 20 पुरुष, 10 महिला व 10 बच्चे शामिल है। रेस्क्यू टीम ने एक शव को भी मोटर बोट की सहायता से श्मशान घाट पहुंचाया एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि सोमवार 8:50 बजे हिंडौन सिटी कस्बे के जलमग्न इलाकों में काफी संख्या में नागरिकों के फंसे होने की सूचना मिलने पर आपदा राहत एवं बचाव के लिए थाना हिंडौन सिटी में तैनात रेस्क्यू टीम सी-पांच के प्रभारी हैड कांस्टेबल धारा सिंह को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए गए।रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ प्रातः 9:00 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण फुलवाड़ा बांध टूट गया था। इस कारण हिंडौन सिटी कस्बे के काफी इलाकों में 4 से 6 फीट तक पानी भर गया। स्थानीय प्रशासन द्वारा नागरिकों को रेस्क्यू करने के लगातार प्रयास किया जा रहे थे।टीम कमांडर से निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों राजवीर सिंह, विक्रम सिंह, सुरजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामराज, चंद्रभान, महेश, बने सिंह, महावीर तथा भीम सिंह ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट की सहायता से हिंडौन सिटी के जलमग्न सर्राफा बाजार व कटला बाजार में फंसे 40 नागरिकों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।









# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का पांचवा दिन, जिले में निकाली गई तिरंगा रैली, उमड़ा देशभक्ति का ज्वार

## सैकड़ों संभागियों ने घर-घर तिरंगा लगाने का दिया संदेश

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण )।** धौलपुर, 13 अगस्त 24 को हर घर तिरंगा-2024 अन्तर्गत जारी कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को पांचवे दिन जिले में निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली में सैकड़ों संभागियों ने तिरंगा लेकर पैदल यात्रा करते हुए देशभक्ति का संदेश मुखरित किया। यात्रा में शामिल संभागियों ने शहरवासियों को यह भी संदेश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर तिरंगा फहराएं।तिरंगा पैदल यात्रा बड़ी फील्ड से आरंभ होकर लाल बाजार, गांधी



पार्क, गुलाबबाग चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला प्रभारी सचिव पी रमेश एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बाईक रैली में शामिल संभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान 2024 प्रगतिशील भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है। बता दें कि यह महोत्सव भारत की जनता को समर्पित है, जिन्होंने न केवल भारत को उसकी विकास यात्रा में आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि उनके भीतर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और सक्रिय करने के दृष्टिकोण को संभव बनाने की शक्ति और क्षमता भी है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला के विभिन्न उपखंडों में भी बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा मनाया जा रहा है! और जिले व राज्य की सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान को प्रगति की ओर ले जाने वाली सभी चीजों का एक मूर्त रूप है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन तिरंगे के प्रति लोगों में गौरव की भावना एवं एकता के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिलेवासियों का उत्साह अलग ही चरम पर पहुंच चुका है। जिला कलक्टर ने इस अभियान के अंतर्गत सभी नागरिकों से और अधिक संख्या में भाग लेने के लिए कहा है। रैली को मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिहं तौमर ने हरी झण्डी दिखाई। रैली में उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, समस्त जिला स्तरीयअधिकारियों कार्मिकों, सिविल डिफेंस, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग आदि के कार्मिकों, स्कूली बच्चों, स्काउट्स गाइड्स और नागरिकों ने हिस्सा लिया। मुख्य कार्यकारीअधिकारी सुदर्शन सिंह तौमर ने अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराएं तथा अन्य लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### तिहारी ग्राम में पेयजल को लेकर त्राहि -त्राहि ,महिलाओं को दुर दराज से लाना पड़ रहा हे जल

**चमकता राजस्थान। रघुनन्दन/ पारीक श्रीनगर।** श्रीनगर पंचायत समिति के अधीन ग्राम पंचायत तिहारी में पेयजल संकट गहराया सरपंच ने जताई नाराजगी पशुओं के लिए पानी मोल लाना पड़ रहा है। सुत्रों के अनूसार कानपुरा से पाईलाईन तोड़ दी गई पानी चोर सक्रिय,अवेद कनेक्सनो पर रोक लगने पर ही पानी सब को प्राप्त मात्रा में मील सकता है प्रशासन की अनदेखी से नाराज़ ग्रामीण नही दिया ध्यान तो कलेक्टर को देंगे ज्ञापन मुख्य मन्त्री के नाम सरपंच ने बताया की लोग पानी मोटर की डोरी चोरी करके ले जा रहे हैं पुलिष मे सुचना दी गई है।

### ठगी पीडित निवेशक करेंगे! एक सितम्बर से अनिश्चित कालीन धरना, दी चेतावनी

**चमकता राजस्थान/धौलपुर( रामदास तरुण)।** धौलपुर एवं करौली, भरतपुर, अलवर, आदि राजस्थान के जिलों में ठगी - पीड़ित निवेशकों के द्वारा 1 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा! ठगी पीडित निवेशकों के संगठन की बैठक में राजेन्द्र कुमार सैन ने बताया कि संसद ने वर्ष 2019 में कानून बनाकर 21 फरवरी 2019 को (अनियमित का जमा पाबंदी कानून 2019) को पूरे देश में सरकारी कागजों में लागू कर दिया है। सरकार के अनियमित जमा पाबंदी कानून 2019 बनाकर सभी ठगी पीडितो को 180 दिन में टाइम बाण्ड एक्ट बनाकर भुगतान सरकार द्वारा वापस कराने का निर्णय लिया है। इस बारे में जिला कलेक्टरों को कई बार ज्ञापन देने के बाद भी निवेशको को राहत नहीं मिली है। जिला स्तर पर अभी तक इस कानून के तहत भुगतान काउंटर नहीं खोला गया है। बैठक में ठगी के शिकार निवेशकों के लिए 30 अगस्त 2024 तक भुगतान के काउंटर नहीं खोले जाते हैं। तो 1 सितम्बर 2024 से प्रशासन के खिलाफ असहयोग आंदोलन करेंगे! सुबह 10 बजे से जिला मुख्यालय तहसील मुख्यालय रुद्ध मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना धरना दिया जायगा। बता दे, कि राजस्थान के कई जिलों से क्षेत्र के लाखों निवेशको के 100 करोड से अधिक रुपऐ विभिन्न कम्पनीयों में डूबे हुऐ है।

### पुलिस ने अलग-अलग मामलें दो आरोपी किए गिरफ्तार

- हत्या प्रयास के मामलें में आरोपी गिरफ्तार,पुलिस रिमाण्ड़ पर,
- आत्महत्या को उकसाने पर पिपरऊ निवासी आरोपी पति गिरफ्तार कर जेल भेजा

**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** पुलिस ने अलग-अलग मामलें में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार लुहासा निवासी वेदवीर सिंह पुत्र नबाव सिंह को हत्या प्रयास के मामलें में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी युवक को पुलिस रिमाण्ड़ पर भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ ८ मार्च को लुहासा निवासी विक्रम सिंह ने खेत पर जाने दौरान रास्ते में मारपीट करने व अवैध कट्टा से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया।

गांव पिपरऊ निवासी नरेश जाटव पुत्र सहाब सिंह को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि पिपरऊ निवासी अंजली उर्फ अंजना उर्फ काली की २४ जुलाई को पिपरऊ फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक महिला के भाई बरौलीछार निवासी मुकेश पुत्र रामदयाल जाटव ने ट्रेन के सामने धक्का देकर अपनी बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल पहुंचे झील का बड़ा

### नदी में डूबे 7 युवकों के घर पहुंच बंधाया ढांढस

### मृतकों के परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा कर हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) । जिले में बयाना उपखंड के पिदावली में बाण गंगा नदी में बने गड्ढे में डूबे श्रीनगर गांव के सात युवकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा के साथ पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। भारी बारिश के साथ जलभराव व बाढ़ के हालात का हवाई सर्वेक्षण करने निकले राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को श्रीनगर गांव पहुंच पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के घर पहुंच कर मृतकों के परिवारजनों के हाल जाने व दुख प्रकट किया। इस दौरान बयाना विधायक ऋतु बनावत, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह भी मौजूद रहे। इससे पूर्व झील का बाड़ा स्थित हैलीपेड पहुंचे मुख्यमंत्री शर्मा की प्रभारी सचिव शुचि त्यागी, जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव व पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने अगवानी करते उन्हें करौली के पांचना बांध से गंभीर नदी में आए पानी, जलभराव से उपजे हालात व बचाव कार्य की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस सम्बंध में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए है।



### हाकिम सिंह भीम आर्मी राजस्थान प्रदेश महासचिव नियुक्त



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** जिले के वैर तहसील के निवासी हाकिम सिंह पुत्र प्रभातीलाल जाटव को भीम आर्मी राजस्थान प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। सुमित अंबेश भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस नोट के जरिए के बताया कि मुझे उम्मीद है कि हाकिम सिंह संगठन के प्रति पूर्ण ईमानदारी एवं जनता के हितों के लिए हमेशा समर्पण रहेंगे। हाकिम सिंह के राजस्थान प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने पर समस्त शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। राजस्थान के समस्त भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महासचिव का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया है।

### डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी में बनी कश्मीरा सिंह प्रदेश वरिष्ठ सचिव



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रशांत मेहरड़ा की अनुशंसा पर मेहनती, कार्य के प्रति लगन, ईमानदारी को देखते हुए कश्मीरा सिंह को युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ सचिव पद पर नियुक्त किया है। कश्मीरा सिंह के जुड़ने से समिति को मजबूती मिलेगी इस मौके पर सोसाइटी के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों व समाज के लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है ।कश्मीरा सिंह ने इस मौके पर कहा कि डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रशांत मेहरड़ा ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है! उस पर मैं निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगी। कश्मीरा सिंह ने युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश के वरिष्ठ सचिव पद पर नियुक्त होने पर डॉ. अंबेडकर मैमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### जेडीसी ने टोंक रोड पर जलभराव वाले स्थानों का किया दौरा

## जेडीसी दूसरे दिन भी फिल्ड में उतरकर लगातार हो रही बरसात से बनी परिस्थितियों का लिया जायजा

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशों की पालना में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने दूसरे दिन लगातार अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में बचाव-राहत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंगलवार सुबह से ही फिल्ड में रहकर जयपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर अतिवृष्टि से उत्पन्न जलभराव की स्थिति का दौरा कर जायजा लिया एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिये। दौरे में निदेशक अभियांत्रिकी - प्रथम, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण



उपस्थित थे। राजपाल ने बताया कि जेडीए के सभी अभियंतागण अपने-अपने क्षेत्र में अतिवृष्टि से उत्पन्न जलभराव की समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य कर रहे है। साथ ही अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सूचना प्राप्त होते ही तुरंत जल भराव, सड़क में कटाव एवं अन्य क्षति इत्यादि समस्याओ का तत्काल रूप से निराकरण किया जा रहा है। जेडीसी द्वारा बी-2 बाईपास जंक्शन चौराहा, द्रव्यवती नदी पुलिया-सांगानेर, पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर, इस्कॉन मंदिर तिराहा मानसरोवर इत्यादि स्थानों पर उत्पन्न जलभराव की समस्याओं का दौरा कर जायजा लिया। जेडीसी ने सूरजमल सर्किल एवं खरबास सर्किल के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबधित अभियंतागण को आसपास के क्षेत्र की सडकों पर पडे मलबे को संसाधन जुटाकर तत्काल रूप से हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने बी-2 बाईपास जंक्षन पर बने क्लोअर लीफ के पिल्लर्स एवं स्लीप लेन के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिये। जेडीए द्वारा बनीपार्क में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध जेसीबी मषीन, ट्रेक्टर मय ट्रॉली, मड पम्प, मिट्टे के कट्टे, डम्पर, ट्रेक्टर ब्लेड इत्यादि संसाधन उपलब्ध है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त जेडीए सचिव हेमपुष्पा शर्मा निदेशक अभियांत्रिकी - द्वितीय के साथ सालिगरामपुरा अण्डरपास, महल रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल द्रव्यवती नदी एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पन्न जलभराव की समस्याओं का दौरा कर जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से भी जलभराव की स्थिति में जेडीए द्वारा बनीपार्क में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष नंबर 91 9351683520 एवं 0141-2203518 पर सहायता हेतु संपर्क करने की अपील की।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने जारी किए निर्देश

## अधिकारी फील्ड में रह कर सड़कों और पुलियाओ का लगातार निरीक्षण करें: उप मुख्यमंत्री, दिया कुमारी

चमकता राजस्थान



**जयपुर,13 अगस्त।** प्रदेश चल रहे तेज बारिश के दौर के बीच उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़को, पुलियाओं और अन्य मार्गो के हालातो का लगातार फीडबैक ले रही है और हालात की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। उन्होंने निर्देश दिये है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी फील्ड में रहकर सडको एवं पुलियाओ का निरीक्षण करें और इन्हे हर समय यातायात के लिए चालू रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा की मार्ग अवरूद्ध होने की वजह से आमजन को कोई परेशानी न हो इसलिए स्थानीय अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ मार्गों को सुचारू रखें। यदि कही प्रमुख मार्ग पर जलभराव या तेज बहाव की समस्या है तो अन्य न्यूनतम दू-री के वैकल्पिक मार्ग को दुरूस्त रखें ताकि आमजन को चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ लेने में कोई बाधा या रूकावट नहीं आये।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता फिल्ड में तैनात अधिकारियों के लिए निर्देशिका जारी की है। जिसके अनुसार अधिकारी-

1- क्षतिग्रस्त सड़क, पुल आदि पर चेतावनी बोर्ड लगाना, मिट्टी से भरे कट्टे लगाकर कटाव रोकना तथा सुरक्षा हेतु रस्सी लगाकर 'रास्ता बन्द है' का सूचना बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें।

2-अवरूद्ध रास्तों, क्षतिग्रस्त सडकों को यथासम्भव यातायात योग्य बना कर यातायात चालू करवायें।

3-असुरक्षित पुलों पर यातायात रोकने की आवश्यकता होने पर स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेकर यातायात रूकवाना सुनिश्चित करें।

4-बरसात का पानी कम होने पर सडकों एवं पुलों का निरीक्षण करें, क्षति का आंकलन कर एसडीआरएफ नार्म्स अनुसार (सर्कुलर दिनांक 20.05.2024) प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर के माध्यम से आपदा प्रबंधन विभाग, जयपुर को भिजवाये जायें ताकि रिपेयर/रेक्टीफिकेशन की स्वीकृती जारी हो सके।

5- अत्यधिक क्षतिग्रस्त राजकीय भवनों को चिन्हित कर आमजन की सुरक्षा हेतु चेतावनी बोर्ड लगावें।

6- क्षतिग्रस्त भवन जो गिरने के हालात में है, उसके बारे में प्रशासन को सूचित करें, स्वीकृति प्राप्त कर गिराने की कार्यवाही करें।

7- अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों पर यातायात शीघ्र चालू करने हेतु आवश्यक संसाधन जैसे जे.सी.बी., टैक्टर, डम्पर इत्यादि किराये पर लेने की जानकारी तैयार कर रखें एवं इनकी किराये पर लेने की दर जिला प्रशासन से अनुमोदित करवा लें जिससे आपात स्थिति में इनका उपयोग किया जा सके।

8- सभी अधिकारी, कर्मचारियों की छुट्टी तुरन्त प्रभाव से निरस्त करें। अति आवश्यक होने पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता स्तर पर ही अति आवश्यक छुटटी दी जावे।

9- वाट्सअप गुप्र में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से एवं अन्य स्थान जहाँ- जहाँ रास्ता अवरूद्ध है उसकी सूचना सोशल एवं अन्य माध्यमों से लोगों तक पहुचाएं ताकि आमजन को कठिनाइयों से बचाया जा सके।

### सड़क और आधारभूत सेक्टर में राजस्थान देश का नंबर वन स्टेट बनेगा: दिया कुमारी



**चमकता राजस्थान/जोधपुर, 13 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि आधारभूत संरचना विशेषकर सड़क नेटवर्क के मामले में प्रदेश को देश का नंबर वन राज्य का बनाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। इसके लिए प्रदेश के कोने कोने में मज़बूत सड़क नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में जोधपुर संभाग प्रथम में विभिन्न सड़क एवं अन्य आधारभूत विकास कार्यों के लिए 929.14 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से क्षेत्र में 54 विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त राशि से विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण,तहसील/पंचायत मुख्यालय को दो लेन सड़क से जोड़ने, बिपर जोय तूफ़ान से क्षतिग्रस्त पुलियाओं की मरम्मत ,अटल पथ निर्माण, डब्ल्यूडीएफसी स्टेशन को दो लेन से जोड़ने तथा विभिन्न प्रमुख नदियों पर हाई लेवल ब्रिज बनाने सहित कुल 54 कार्य करवाए जाएँगे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पाँच करोड़ रुपय के सड़क निर्माण कार्यों की घोषणा के क्रम में 112.95 करोड़ लागत के 230 कामों की निविदाएँ आमंत्रित कर कार्य आदेश जारी कर दिए गए है।इन्हें समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा।

न्यूज़ अपडेट

## चेहरे को नोचा, प्राइवेट पार्ट.. मुंह से निकल रहा था खून



- **लेडी डॉक्टर पर भेड़िये की तरह टूट पड़ा 'संजय',**
- **रूह कंपा देगी कोलकाता आरजी अस्पताल की घटना**

कोलकाता।

विश्वास एतबार और भरोसा यही तो वो तीन चीजें होती है, जिनके साथ हम रहते हैं, साथ उठते हैं बैठते हैं। उन पर विश्वास एतबार और भरोसा ही तो कायम करते हैं। फिर चाहे वो साथी हो या जूनियर। ऐसा ही भरोसा तो शायद 'आरजी कर मेडिकल कॉलेज' एंड हॉस्पिटल की एक जूनियर लेडी डॉक्टर ने भी अपने साथियों पर किया था। रात को 2 बजे तक अपना काम निपटाने के बाद थोड़ी देर आराम करने के लिए वो इमरजेंसी डिपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर बने सेमिनार हॉल में चली जाती है। उसी रात एक भेड़िया उस पर टूट पड़ता हैं। हैवानियत की सारी हदें पार कर देता है और हत्या के बाद अस्पताल से निकल जाता है। यह दरिंदा उसी अस्पताल में ही काम करता था। घटना 9 अगस्त की रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है जब ट्रेनी डॉक्टर हॉस्पिटल में ड्यूटी कर रही थी। वह अपनी टीम के 2 साथी जूनियर डॉक्टर्स के साथ डिनर करके कुछ देर के लिए सेमिनार हॉल में रेस्ट करने के लिए गईं थी। इसके बाद उनका कुछ पता नहीं चला उसके बाद डॉक्टर को सुबह 6 बजे मृत अवस्था में पाया गया। मृतका आरजी मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट की पीजी सेकंड ईयर की स्टूडेंट थी। शुरूआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टर के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बता दें कि महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ मिला था। उस गद्दे पर खून के दाग थे। मृतका महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर खून निकल रहा था। प्राइवेट पार्ट पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून की खरोंच पायी गयी है। साथ ही होंठ, गर्दन, पेट, बाईं एड़ी और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। बता दें की घटना स्थल (सेमिनार हॉल) में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था। पर क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ ईयरफोन मिला और बाहर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज में आरोपी संजय रॉय सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाते हुए देखा गया था। इस दौरान उसने कानों में ईयरफोन लगाया हुआ था जो कुछ देर बाद हॉल से बाहर आया तो उसके पास ईयरफोन नहीं था। पुलिस ने क्राइम सीन पर मिले ईयरफोन को सभी संदिग्धों के फोन से कनेक्ट करने की कोशिश की और वह संजय रॉय के फोन से कनेक्ट हुआ और पूछताछ के दौरान आरोपी संजय ने रेप और मर्डर की बात को भी कबूल किया।

ठाकरे भाईयों में घमासान

## संजय राउत ने कहा- 2 महीने में सत्ता में आएंगे, तब किस बिल में छुपोगे

मुम्बई/एजेंसी



महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे बनाम ठाकरे का मुद्दा गरमाया हुआ है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई व शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के काफिले पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले का बचाव किया है। इससे उद्धव गुट के नेताओं का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद संजय राउत ने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे को खुली चुनौती दी है। मीडिया से बात करते हुए राउत ने कहा, अगर आपमें हिम्मत है तो महाराष्ट्र को लूटने वाले अहमद शाह अब्दाली और उसके सुपारी गैंग को ललकार कर दिखाओ। राज्यसभा सांसद राउत ने उद्धव ठाकरे के काफिले पर हुए हमले को लेकर न सिर्फ राज ठाकरे बल्कि अमित शाह, देवेंद्र फड़णवीस समेत अन्य बीजेपी नेताओं पर भी कटाक्ष किया। राउत ने शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर भी हमला बोला है।

संजय राउत ने कहा, ठाणे में उद्धव ठाकरे के काफिले पर हमला सुपारी गैंग के कार्यकर्ताओं ने किया था। इस सुपारी गैंग का मुखिया अहमद शाह अब्दाली दिल्ली में बैठा है। ठाणे में हुए हमले के लिए लोग एकनाथ शिंदे द्वारा पैसे देकर बुलाये गए थे। आए दिन उनके मुखौटे फाड़े जा रहे हैं। संजय राउत ने चेतावनी देते हुआ आगे कहा 'उद्धव ठाकरे के काफिले पर हमला करने वाले सभी लोग उन्हीं के थे। इनमें से कोई भी ठाणे से नहीं था। सभी को बाहर से बुलाया गया था। आप सत्ता में हो इसलिए चाहे जो कर सकते ही, दो महीने में सत्ता हमारे हाथ में होगी। फिर हम देखते हैं कि आप कहां जाओगे और किस बिल में छिपकर बैठोगे।

### नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, 5 छात्रों की मौत



**तिरुवल्लूर/एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में चेन्नई-तिरुपति नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें 5 छात्रों की मौत हो गई। हाईवे पर तेज रफ्तार से जा रहे एक लॉरी और कार के बीच टक्कर होने से पांच छात्रों की मौत हो गई,वहीं दो अन्य घायल हुए है. जिनके इलाज के लिए जख्मी अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। केके चत्रम पुलिस के अनुसार ये छात्र एक निजी विश्वविद्यालय के हैं। ये सभी एक कर में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी बीच चेन्नई-तिरुपति राष्ट्रीय राजमार्ग पर लॉरी और कार के बीच टक्कर हो गई। जिसमें 5 छात्रों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद मृतकों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले में जांच शुरू कर दी गई है. हादसे के बाद का वीडियो भी सामने आया है।



## हमलों की खबरें विचलित करने वाली', बांग्लादेशी हिंदुओं पर प्रियंका गांधी ने कहा- धर्म के आधार पर हिंसा अस्वीकार्य

नयी दिल्ली/एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को लेकर सोमवार को चिंता प्रकट की और उम्मीद जताई कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के अपदस्थ होने के बाद से वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो रही है।

### अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले विचलित करने वाले हैं'

» प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं।'

### बांग्लादेश में जल्द सामान्य होंगे हालात'

» प्रियंका ने ये भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे और वहां की अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। बता दें कि प्रियंका गांधी से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी किसी देश का नाम लिए बिना कहा था, देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है।

### हिंसा में कई लोगों ने गंवाई जान

» प्रियंका गांधी की यह टिप्पणी बांग्लादेश में चल रही राजनीतिक अशांति के बीच आई है, जिसमें पिछले सप्ताह शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 500 से अधिक लोग मारे गए हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका में भूकंप से हिली धरती

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में सोमवार दोपहर लगे भूकंप के झटकों से लाखों लोग प्रभावित हुए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 तीव्रता आंकी गई। इस दौरान कहीं से भी कोई बड़ी क्षति की सूचना नहीं मिली। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप दोपहर 12:20 बजे आया। यह लॉस एंजिल्स शहर से लगभग पांच मील उत्तर-पूर्व में पासाडेना के ठीक बाहर केंद्रित था। भूकंप विज्ञानी सुसान हफ ने कहा भूकंप के समय वह पासाडेना में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में थे। यह स्पष्ट रूप से चौंकाने वाला झटका था।

### पंजगुर के डिप्टी कमिश्नर की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को पंजगुर के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) जाकिर बलूच की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस घटना को बर्बर और शर्मनाक कहा है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मस्तुंग जिले के खड़ा-कुचा इलाके के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात हथियारबंद लोगों ने उनकी कार को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की। डिप्टी कमिश्नर बलूच, पंजगुर नगर समिति के अध्यक्ष अब्दुल मलिक बलूच और उनके दोस्त अहमद जान के साथ एक वाहन में पंजगुर से क्वेटा जा रहे थे।

### गैंग के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने लड़ाई झगड़ा व लूट के मामले में फरार चल रहे फ्रैक्कर गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रोहित तथा देव फोगाट उर्फ देवू का नाम शामिल है। आरोपी रोहित फरीदाबाद के नाचोली तथा देव फतेहपुर बिल्लौच का रहने वाला है। आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर 7 जून 2024 को राहुल निवासी बुआपुर की स्कॉर्पियो गाड़ी के पीछे अपनी गाड़ी लगाकर उसके साथ मारपीट की और उससे 30000 छीन लिए। पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ थाना भूपानी में मामला दर्ज किया गया।

### रूस के कुर्स्क क्षेत्र के बड़े हिस्से पर नियंत्रण का यूक्रेन के सैन्य कमांडर ने किया दावा

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के अभियान की पुष्टि के एक दिन बाद मंलवार को यूक्रेन के सैन्य कमांडर जनरल ओलेक्सांद्र सिरस्की ने दावा किया है कि उनकी सेना ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में लगभग 1,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर नियंत्रण बना लिया है। इससे पहले जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में देश के सैनिकों और कमांडरों की उनकी दृढ़ता और निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रशंसा करते हुए यह बात कही। उन्होंने रूसी क्षेत्र में अपने सैनिकों के अभियान के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी।

### ढाई लाख रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ढाई लाख रुपये की अवैध शराब जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, शराब परिवहन में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया है। तस्करों द्वारा कार की डिग्गी में कपड़े के बैगों के अंदर जुराब में खुली बोतलें लपेटकर अवैध शराब की गुजरात तस्करी की जा रही थी। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। चौरासी थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### टोंगा तालाब फूटा, चार गांवों में भरा पानी

**मुरैना।** जिले के सबलगढ़ में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे टोंगा तालाब फूट गया। पानी चार गांवों में भर गया। तालाब फूटने की सूचना मिलते ही सबलगढ़ विधायक सरला रावत, कलेक्टर अंकित अस्थाना, एसडीएम वीरेंद्र कटारे, सबलगढ़ थाना प्रभारी सोहनपाल तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया। पानी के तेज बहाव को देखते हुए निचले इलाके के 20 गांवों में खतरे का अलर्ट जारी किया गया है।

### चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार, सामान बरामद

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी का सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों में से एक कुछ समय पूर्व जेल से छुटकर आया है। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के एम-62 शिवलोक कालोनी निवासी शिव कुमार ग्रोवर पुत्र देशराज ग्रोवर ने 12 अगस्त को पुलिस को तहरीर देकर रात्रि में चोरों ने घर का दरवाजा काटकर घर से 40 हजार नकद दो मोबाइल फोन चोरी होने का दर्ज कराया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

### सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**बस्ती।** जनपद के छावनी थाना क्षेत्र सोनबरसा राजकीय इंटर कॉलेज के पास सड़क हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है। कुछ श्रद्धालु कार से अयोध्या दर्शन करके वापस लौट रहे थे। मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर आगे चल रही डीसीएम ने आचनक से ब्रेक मार दिया।

मुख्यमंत्री ने देशभक्ति गीत गाकर किया वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

# बड़े तालाब में लगाया जाएगा देश का सबसे बड़ा तिरंगा : डॉ. यादव

**भोपाल। एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल के बड़े तालाब में देश का सबसे बड़ा तिरंगा लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर आजादी के पर्व पर उत्साह, उमंग और जोश के साथ हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और तिरंगा सदा से ही हमारे लिए संघर्ष, परिश्रम और प्रगति का प्रेरणा स्त्रोत रहा है। हर घर तिरंगा अभियान में सभी लोग देशभक्ति के आनंद से अभिभूत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को भोपाल के बड़ा तालाब स्थित बोट क्लब पर आयोजित तिरंगा यात्रा के अवसर पर मीडियाकर्मियों से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बोट क्लब पर मध्य प्रदेश टूरिज्म के नवीनीकृत फूड कॉर्नर लहर फास्ट का फीता काटकर तथा पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सांसद वी.डी. शर्मा, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, सहित जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

देश भक्ति की धुनो के बीच तिरंगे के साथ बड़े तालाब में नावों से बनाई विशेष फॉर्मेशन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूरे जोश के साथ देशभक्ति गीत ₹यह देश है वीर जवानों का₹ गाया और बड़े तालाब में नावों पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वॉटर स्पोर्ट्स तिरंगा शो के अंतर्गत बड़े तालाब पर लेक प्रिंसेस क्रूज में ध्वज अभिवादन किया और तिरंगे गुब्बारे छोड़े। मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने स्पोर्ट्स बोट में तिरंगा लेकर परेड की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा लहराकर सभी का उत्साहवर्धन किया है। वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ियों द्वारा बड़े तालाब में देश भक्ति की धुनो के बीच तिरंगे के साथ नावों के माध्यम से विशेष फॉर्मेशन भी निर्मित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भोपालवासियों ने वॉटर स्पोर्ट्स तिरंगा परेड का आनंद लिया।

## राष्ट्र प्रेम के प्रति लोगों को आकर्षित करता है तिरंगा : रमापति राम

**बाराबंकी। एजेंसी**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में स्थानीय डाक बंगले से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा राष्ट्रप्रेम के प्रति लोगों को आकर्षित करता है तथा यह याद दिलाता है कि देश को आजादी दिलाने में कितने लोग शहीद हुए, तब जाकर आजादी मिली। सभी को सदैव तिरंगे के प्रति सम्मान रखना चाहिए व जाति-पाति से हटकर देश प्रेम की भावना रखनी चाहिए, जिससे भारत का नाम विश्व में गूंजता रहे।

पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का मकसद लोगों के अंदर देश के प्रति प्रेम को बढ़ाना है । तिरंगा यात्रा स्थानीय डाक बंगले से होते हुए पैदल चलकर रामनगर कस्बे का भ्रमण करते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई ।यात्रा में पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष पुष्कर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला ,इंद्रमणि उपाध्याय श्याम, प्रफुल्ल तिवारी, अनुराग शुक्ला, सुधाकर सोनी, उमेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष महादेव शैलेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सिरौली गौसपुर संतोष पांडेय, सूरतगंज सुशील वर्मा सहित कस्बा के तमाम नौजवान शामिल रहे।

## 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर लगाएं तिरंगा : केशव मौर्य



**कानपुर। एजेंसी**

दुनिया में तिरंगा का मान व सम्मान बढ़ाने वाले भारत, एक भारत, श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं प्रभावशाली भारत के लिए 15 अगस्त को प्रत्येक कानपुर वासी अपने–अपने घरों पर तिरंगा लगाए। यह बात मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कानपुर के वासी और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और सभी पदाधिकारी, नेता, सांसद, विधायक, एवं ग्राम प्रधान, जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुख, पार्षद, मेयर समेत शहर में रहने वाले प्रत्येक परिवार एक भारत, श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत, प्रभावशाली भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व में तिरंगा का मान–सम्मान बढ़ाने वाले भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को अपने–अपने घरों में तिरंगा लगाए।

## नेपाल में मधेश राज्य की गठबंधन सरकार के सभी आठ राज्यमंत्री पद से हटाए गए

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल के मधेश राज्य की गठबंधन सरकार के जम्बो मंत्रिमंडल को लेकर विपक्षी दलों के निशाने पर आये मुख्यमंत्री सतीश सिंह ने अपने आठ राज्यमंत्रियों को पद से हटा दिया है। घटक दलों के दबाव में ही सिंह ने जम्बो मंत्रिमंडल बनाया था। मधेश राज्य के मुख्यमंत्री सिंह की सिफारिश पर राज्यपाल की तरफ से आठ राज्यमंत्रियों को पदमुक्त किए जाने की अधिसूचना प्रकाशित की गई है। हटाए गए सभी आठ राज्यमंत्रियों को पिछले हफ्ते ही मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। राज्यमंत्रियों को हटाने के निर्णय का मुख्यमंत्री सिंह की जनमत पार्टी ने स्वागत किया है। दरअसल प्रदेश में अब तक के सबसे बड़े मंत्रिमंडल के गठन के बाद मुख्यमंत्री सिंह की काफी आलोचना हो रही थी। इस निर्णय पर खुद उनकी पार्टी भी खुश नहीं थी। मुख्यमंत्री सिंह का दावा है कि उन्होंने अकेले यह निर्णय नहीं किया था।

प्रदेश में गठबंधन सरकार है। गठबंधन के घटक दलों के दबाव में मुख्यमंत्री को जम्बो मंत्रिमंडल गठित करना पड़ा। राज्यमंत्री को हटाने के निर्णय पर उनकी जनमत पार्टी ने प्रसन्नता जाहिर की है लेकिन गठबंधन के बाकी घटक दलों की अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आयी है। सत्ता को समर्थन दे रहे दल नेपाली कांग्रेस और नेकपा (एमाले) के नेता इस बारे में प्रतिक्रिया देने से बच रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इस हालात पर वो बैठक के बाद कोई फैसला करेंगे। आज हटाए जाने वाले राज्यमंत्रियों में जनमत के दो, नेपाली कांग्रेस के दो, नेकपा (एमाले) के दो, लोसपा के एक, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के एक नेता शामिल हैं। मंत्रिमंडल की संख्या 20 पहुंचने पर आम जनता ने सोशल मीडिया पर काफी आलोचना की थी। लोगों की नाराजगी देखते हुए जनमत पार्टी ने अपने मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण मांगा था जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।


### शेख हसीना के करीबी अधिकारियों का इस्तीफा वैध : मोहम्मद



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबी अधिकारियों का इस्तीफा वैध है। हसीना सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्र नेताओं ने उन्हें इस्तीफा देने की चेतावनी दी थी। यूनुस ने रविवार रात पत्रकारों को बताया, ह्यसभी कदम कानूनी तौर पर उठाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में देश के प्रधान न्यायाधीश, पांच न्यायाधीशों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने इस्तीफा दे दिया है। हसीना ने पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और देश छोड़कर चली गई थीं। यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार की मुख्य प्राथमिकता न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बहाल करना है।

## बलात्कार के लिए कानून बदल कर मृत्यु दण्ड की सजा हो: शान्ता कुमार

**शिमला। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा है कि जिस देश में कभी एक द्रौपदी का चीरहरण करने की कोशिश के कारण इतिहास का सबसे बड़ा युद्ध महाभारत हुआ था और उसके बाद भारत के प्राचीन इतिहास में वैसी कोई घटना नही हुई। उसी भारत में आज नन्हीं बेटियां तक बलात्कार और हत्या का शाकिर हो रही है। शान्ता कुमार ने मंगलवार को कहा कि कलकता में डॉक्टर का बलात्कार और पशुता की सारी सीमाएं तोड़ कर हत्या से पूरा देश सड़कों पर उतर रहा है। दुर्भागय से छोटी बेटियों के विरूद्ध अपराध बढ़ते जा रहे है। एक मुख्य अध्यापक ने स्कूल के शौचालय में एक नाबालिग छात्रा से बलात्कार किया। इस प्रकार की दिल दहलाने वाली घटनाएं रोज पढ़ने को मिल रही है। शान्ता कुमार ने कहा टिड्डी दल की तरह देश की आबादी बढ़ रही है। नशे का प्रकोप बढ़ रहा है। युवकों में कई कारणों से निराशा हताशा है। अपराधों की संख्या भी बढ़ रही हैं भारत की आबादी विश्व में सबसे अधिक हो गई परन्तु पेरिस ओलंपिक से एक भी गोल्ड भारत नही ला सका। पड़ोसी चीन ने बढ़ती आबादी को रोक लिया और ओलंपिक में अमेरिका से भी अधिक 29 गोल्ड लेकर लौटा है। भारत बढ़ती आबादी को रोके यह भी समय की सबसे बड़ी जरूरत है और सब समस्याओं का असली कारण है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कभी निर्भया काण्ड हुआ था और पूरा भारत सड़कों पर आ गया था। सरकार ने एक कमीशन बनाया। कानून बदला परिणाम यह हुआ कि अब बलात्कार के बाद अपराधी सारे सबूत खत्म करने के बाद लड़की की हत्या भी कर देता है।

शान्ता कुमार ने बड़े आग्रह से कहा है कि दुबई जैसे कुछ अरब देशों में इस प्रकार के अपराध बिलकुल नहीं होते। कारण एक ही है कि उन देशों में सजा बहुत सख्त दी जाती है। सरकार इस बात का ध्यान रखें कि सजा के डर के बिना अपराध रोक नही जा सकते। सरकार जल्द बेटियों के विरूद्ध बलात्कार जैसे अपराधों के लिए विषेश अदालतें बनाये। इस प्रकार के बलात्कार के लिए कानून बदल कर मृत्यु दण्ड की सजा हो और अधिक से अधिक 6 महीने के अन्दर निर्णय हो। इसके बिना राम कृष्णा के देश भारत के माथे पर यह कलंक दूर नही होगा।

### एनएचएम कर्मियों ने दुकानों पर भीख मांगी, इश्तहार बांटें

**यमुनानगर।** जिले भर के एनएचएम कर्मचारियों ने इकट्ठा होकर हड़ताल के 19वें दिन यमुनानगर शहर के पॉश इलाके में पैदल रोष मार्च निकाला, दुकानों पर जाकर भीख मांगी और इश्तहार बांटें। मंगलवार को एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमित गुर्जर ने कहा कि सरकारए एनएचएम कर्मचारियों की नियमित करने की मुख्य मांग को लेकर कोई समाधान नहीं कर रही है। लेकिन कर्मचारी भी अब अपने न्याय के लिए आरपार की लड़ाई लडने के लिए सड़कों पर है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ-साथ आज शहर के पॉश इलाके में रोष मार्च निकालकर कर्मियों ने दुकानों पर जाकर भीख मांगी व इश्तहार भी बांटें। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मी स्वास्थ्य विभाग के 52 तरह के कार्यक्रम में अपनी ड्यूटियां देते है। प्रदेश में लगभग 15000 और जिले में लगभग 670 कर्मी हैं, जो हड़ताल पर है। उन्होंने बताया कि आज जहां सभी सरकारी संस्थानों में डिलीवरी का लोड बहुत कम हो गया है। युविन का कार्य पूरी तरह बाधित है। इसके साथ-साथ इम्यूनाइजेशन का कार्य बाधित है। रेफरल ट्रांसपोर्ट की सुविधा पूरी तरह से ठप्प है। ऑनलाइन रिपोर्टिंग का कार्य पूरी तरह से बाधित है।

## राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प के साथ घर-घर तिरंगा पहुंचाएं : अरुण



**मुरादाबाद। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मुरादाबाद महानगर के तत्वावधान में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय से शुरू होकर, बैंक कॉलोनी, कांशीराम नगर, सोनकपुर रेलवे ओवरब्रिज, कांठ रोड, पीएससी तिराहा, पीली कोठी चौराहा होते हुए कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना हैं। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प की प्रतिबद्धता के साथ घर-घर में तिरंगा पहुंचे, इसके लिए भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस अभियान में जुट जाएं।

मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे आदि अन्य को युवा मोर्चा पदाधिकारी व भाजपाई उपस्थित रहे।

**शुभारंभ** –भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बड़कोट में किया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

# संस्थागत भेदभाव से ऊपर उठ कर मनाएं आजादी का पर्व : महेंद्र

- भाजपा मंडल और बूथ स्तर तक इस प्रकार की तिरंगा यात्रा निकाल रही है
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित की जा रही है

**उत्तरकाशी। एजेंसी**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने मंगलवार को बड़कोट में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी वर्गों, संस्थाओं और लोगों से समूची गंगा यमुना घाटी को तिरंगे में रंगने का आग्रह किया। आजादी के इस महापर्व को वैचारिक एवं संस्थागत भेदभाव से ऊपर उठकर धूमधाम से मनाने की जरूरत बताई। प्रवास में बाबा बौखनाग मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्होंने सिल्कयारा हादसे समेत तमाम आपदा में सुरक्षित रखने को बाबा की कृपा बताया। मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर जिले के यमुनाघाटी पहुंचे भट्ट ने सर्वप्रथम हर घर तिरंगा अभियान के तहत बड़कोट की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान मौजूद कार्यकताओं और जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल और बूथ स्तर तक इस प्रकार की तिरंगा यात्रा निकाल रही है। जो हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित की जा रही है। मकसद स्पष्ट है, आजादी के अमृतकाल में देशभक्ति की भावना को प्रकट कर एक दूसरे का उत्साहवर्धन करना । उन्होंने यात्रा के सफल आयोजन के लिए पार्टी पदाधिकारियों की हौसला अफजाई करते हुए, 15 अगस्त को समूची यमुना और गंगा घाटी को तिरंगे से सराबोर करने का लक्ष्य दिया ।

बाद में प्रदेश अध्यक्ष ने उपराडी गाँव में आयोजित बाबा बौखनाग के नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंच कर बाबा बौख नाग देवता का आशीर्वाद लिया।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान भी सभी कार्यक्रमों साथ शामिल हुए, जिनके साथ इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक दुर्गेश्वर लाल , जिला अध्यक्ष भाजपा सरकार से सत्येंद्र सिंह राणा ,पूर्व विधायक केदार सिंह रावत मालचंद, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष तिरंगा यात्रा के सयोंजक अतोल रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम डोभाल , जगत चौहान , डुंडा ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र कोहली , प्रदेश ओबीसी मोर्चा मंत्री चंडी प्रसाद बेलवाल ,कृष्णा राणा, मंडल मंडल अध्यक्ष बड़कोट मीनाक्षी रोटा, जिला महामंत्री पवन नौटियाल, डॉ कपिल देव रावत,दिनेश बेलवाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त भारत की दिलाई गई शपथ

**गुप्तकाशी। एजेंसी**

■ डॉ. जीएस खाती ने शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को इस अभियान की जानकारी दी

नशा मुक्ति को लेकर डाइट रतुडा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर वेबिनार से जुड़े युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को इस अभियान की जानकारी दी और उन्हें सभी छात्र-छात्राओं को नशे की प्रवृति से दूर रहने के लिए प्रेरित करने को कहा। समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डायट के छात्र-छात्राओं एवं जनपद के उच्च शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वेबिनार में 150 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया।

नशा मुक्ति अभियान के तहत जनपद में स्वास्थ्य इकाइयों में नशा मुक्ति की शपथ लेकर नशा मुक्त भारत का संकल्प दोहराया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव से आगाह करते हुए नशीले पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। नशा मुक्ति अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विमल सिंह गुसाईं ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

## संक्षिप्त खबरें

### उरुग्वे के डिफेंडर डेमियन सुआरेज ब्राजील के सेरी ए क्लब बोटाफोगो से बाहर होने को तैयार

**रियो डी जेनेरियो।** उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर डेमियन सुआरेज ब्राजील के सेरी ए क्लब बोटाफोगो के साथ अपने दो साल के अनुबंध के आधे से भी कम समय में क्लब छोड़ने के लिए तैयार हैं। फरवरी में स्पेन के गेटाफे से रियो डी जेनेरियो की टीम में शामिल होने के बाद से सुआरेज बोटाफोगो के लिए राइट-बैक की भूमिका में मुख्य खिलाड़ी रहे हैं। लेकिन ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में ट्रांसफर अनुरोध प्रस्तुत करने के बाद 36 वर्षीय खिलाड़ी का खेल खराब हो गया है, क्योंकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि उन्हें उरुग्वे के पेनारोल के साथ जोड़ा जा रहा है। इसमें कहा गया है कि बोटाफोगो के मैनेजर आर्टुर जॉर्ज ने सुआरेज से कहा है कि वह अब क्लब की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं।

### ब्राजील के फॉरवर्ड एवर्टन चोटिल, दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल सत्र के शेष भाग से हुए बाहर

**रियो डी जेनेरियो।** फ्लामेंगो के फॉरवर्ड एवर्टन सोरेस चोटिल होने के कारण दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल सत्र के शेष भाग से बाहर रहेंगे। क्लब ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को रविवार को ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में फ्लैमेंगो के पाल्मेरास के साथ 1-1 के घरेलू ड्रॉ के दौरान चोट लगी थी। बाद के परीक्षणों से यह पता चला कि उन्हें सर्जरी करानी होगी, जिसके बाद वह पुनर्वास अवधि शुरू करेंगे, जिसमें छह से आठ महीने लगने की उम्मीद है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने एक संक्षिप्त सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ₹मैं और मजबूत होकर वापस आऊंगा। एवर्टन, जो ब्राजील के लिए 25 बार खेल चुके हैं, ने 2022 में बेनफिका से फ्लेमेंगो में शामिल होने के बाद से सभी प्रतियोगिताओं में सिर्फ 14 गोल किए हैं। फ्लैमेंगो वर्तमान में ब्राजील की 20-टीम सीरी ए स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है, जो टेबल लीडर बोटाफोगो से दो अंक पीछे है।

### डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के कारण पेरिस पैरालिंपिक में हिस्सा नहीं लेंगे प्रमोद

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद भारत के प्रमोद भगत पेरिस पैरालिंपिक 2024 का हिस्सा नहीं होंगे। मंगलवार (13 अगस्त) सुबह बीडब्ल्यूएफ के एक बयान में पेरिस पैरालिंपिक में भाग लेने के लिए भगत की अयोग्यता की पुष्टि की गई। बयान में कहा गया, 01 मार्च 2024 को जारी एक निर्णय के माध्यम से, सीएएस एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाया कि भगत ने बीडब्ल्यूएफ एंटी-डोपिंग विनियमों के अनुच्छेद 2.4 (₹ठिकाने₹) का उल्लंघन किया था, उन्होने 12 महीनों के भीतर तीन ठिकाने विफलताओं को अंजाम दिया था। परिणामस्वरूप, उन पर 01 सितंबर 2025 तक 18 महीने की अयोग्यता की अवधि लगा दी गई।

### पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता ही बिंग जियाओ ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** चीनी शटलर ही बिंग जियाओ ने पेरिस ओलंपिक में महिला एकल का रजत पदक जीतने के बाद मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन से संन्यास की घोषणा कर दी। हालांकि, 27 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू टूनार्मेंट खेलना जारी रखेंगे। बिंग जियाओ ने राउंड ऑफ 16 में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु को हराया था, हालांकि फाइनल में उन्हें दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर 1 एन से यंग से हार का सामना करना पड़ा था। दिलचस्प बात यह है कि बिंग जियाओ 2021 में टोक्यो खेलों में सिंधु के खिलाफ कांस्य पदक से चूक गईं थीं। वह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 2014 में जापान की अकाने यामागुची के पीछे उपविजेता रहने के बाद एक किशोरी के रूप में चर्चा में आईं। उसी वर्ष बाद में नानजिंग में घरेलू युवा ओलंपिक खेलों में, उन्होंने फाइनल में यामागुची को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# महिला पहलवान प्रीति कुमारी को मिला गोल्ड मेडल,सचिवालय में मिली नौकरी

- संघ ने किया सम्मानित
- प्रीति कुमारी 59 किलो ग्राम में महिला पहलवान को पटकनी देकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया



**सहरसा। एजेंसी**

अंडर 23 सीनियर पुरुष व महिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 11 अगस्त को खेल परिषद् कैंपस खेल भवन मे आयोजित किया गया। खेल समापन के उपरांत जिले के जांबाज महिला पहलवान प्रीति कुमारी 59 किलो ग्राम में बिहार के 5 महिला पहलवान को पटकनी देकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रीति कुमारी लगातार पांचवी बार हरियाणा के झझर में नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिसमें बिगत साल ब्रांज मेडल नेशनल प्रतियोगिता में प्राप्त किया था। इसी आधार पर आजादी के बाद जिले के प्रथम कुश्ती खिलाड़ी खेल कोटे के आधार पर सचिवालय में प्रिती कुमारी को बिहार सरकार द्वारा पैनल लिस्ट बनाकर नौकरी सुनिश्चित कर दिया गया है,जो जिले का प्रथम इतिहास लिखा जायेगा। प्रीति कुमारी को बिहार कुश्ती संघ के महासचिव विनय कुमार सिंह गया जिला अध्यक्ष अमरकांत सर द्वारा सम्मानित किया गया।इस ऐतिहासिक क्षण के मौके पर सहरसा कुश्ती संघ के अध्यक्ष नितेंद्र प्रताप नन्हे, संरक्षक डॉ बिजय शंकर,डॉ बरुण कुमार,डा शैलेन्द्र कुमार, डा राकेश कुमार,डा रवि, डा आर के सिंह,व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्जुन चौधरी,वरीय अधिवक्ता संतोष कुमार दत्ता, जितेन्द्र सिंह चौहान,संघ के तमाम पदाधिकारी साथ ही जिले के तमाम संघ ने प्रिती कुमारी,जिला सचिव हरेंद्र सिंह मेजर को हृदयतल से हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी।

## मेसी अभी इंटर मियामी में वापसी के लिए तैयार नहीं : मार्टिनो

**मियामी। एजेंसी**



इंटर मियामी के मैनेजर गेरार्डो मार्टिनो ने सोमवार को कहा कि कप्तान लियोनेल मेसी पिछले महीने कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना के लिए खेलते समय लगी टखने की चोट से अभी पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। मार्टिनो ने माना कि उन्हें अभी भी नहीं पता कि 37 वर्षीय मेसी कब पूरी तरह से फिट हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि वह संतोषजनक तरीके से ठीक हो रहे हैं। मार्टिनो ने संवाददाताओं से कहा, ₹वह हमारी उम्मीदों के मुताबिक प्रगति कर रहे हैं। हमें अभी भी नहीं पता कि वह [पहली टीम] समूह के साथ कब जुड़ पाएंगे। फिलहाल, वह अलग से प्रशिक्षण ले रहे हैं। 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना की कोलंबिया पर 1-0 की जीत के दौरान अपने दाहिने टखने में स्नायुबंधन में खिंचाव के बाद से मेसी ने कोई मैच नहीं खेला है। इंटर मियामी के लिए उनका सबसे हालिया मैच एमएलएस में सेंट लुइस के साथ 3-3 से घरेलू ड्रॉ था। मेसी ने इस साल इंटर मियामी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 15 मैचों में 14 गोल किए हैं और 11 असिस्ट दिए हैं। फ्लोरिडा की यह टीम 25 मैचों में 53 अंकों के साथ एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सिनसिनाटी से पांच अंक आगे है।

## न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंगटन। एजेंसी**

न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने 34 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। वर्कर, जिन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ अपना पेशेवर करियर शुरू किया और ऑकलैंड के साथ समाप्त किया, ने एक बयान में कहा, ₹पेशेवर क्रिकेट में 17 साल के शानदार सफर के बाद, मैं खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। यह निर्णय मेरे जीवन के एक अविश्वसनीय अध्याय के अंत और एक नए रोमांच की शुरूआत का प्रतीक है, अपने करियर के दौरान, मैंने कुछ बेहतरीन दोस्ती बनाई है जो जीवन भर चलेंगी, साथ ही ऐसी यादें हैं जो मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

वर्कर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत कम समय बिताया, 2015 से 2018 के बीच उन्होंने दस वनडे और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 272 और 90 रन बनाए। इसकी शुरूआत 2015 में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हुई, जहाँ टी20 डेब्यू पर, उन्होंने हरारे में 38 गेंदों में 62 रन बनाकर प्लेयर-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीता। 2017 में फोर्ड ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए दस पारियों में 82.37 की औसत से 659 रन बनाए, जिससे उन्हें फिर से चयनकताओं के रडार पर ला दिया। वनडे डेब्यू अफ्रीका के उसी दौरे पर हुआ, और उन्होंने 2017 में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रारूप में कुछ रन बनाए, जब उन्होंने आयरलैंड में और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेला, और उस अवधि में अपने तीनों वनडे अर्धशतक बनाए।

# ईशान किशन लाल गेंद क्रिकेट से वापसी को तैयार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ईशान किशन 15 अगस्त से तमिलनाडु में शुरू होने वाले आगामी बुची बाबू टूर्नामेंट में झारखंड की कप्तानी करेंगे। यह एक प्री-सीजन रेड-बॉल प्रतियोगिता है। किशन, जो झारखंड की मूल लंबी सूची का हिस्सा नहीं थे, बुधवार को चेन्नई में टीम के साथ जुड़ेंगे। इस कदम को विकेटकीपर-बल्लेबाज की प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पूर्ण वापसी की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, किशन ने भाग लेने का फैसला किया और जब उन्होंने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) को इस बारे में बताया तो उन्हें इसमें शामिल कर लिया गया। किशन के 2024-25 सत्र के दौरान रणजी ट्रॉफी में वापसी की भी उम्मीद है, क्योंकि किशन ने राज्य चयनकर्ताओं को वापसी की इच्छा से अवगत कराया था। उनका आखिरी घरेलू प्रथम श्रेणी मैच दिसंबर 2022 में था। वह 2023-24 के घरेलू सत्र के अंत में रणजी ट्रॉफी से दूर रहे



और यह उनके लिए महंगा साबित हुआ, क्योंकि बीसीसीआई ने उन्हें घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची से हटा दिया। जेएससीए के एक पदाधिकारी ने कहा, ईशान के साथ, यह कभी भी क्षमता के बारे में नहीं था। यह केवल इस बारे में था कि क्या वह वापसी के लिए तैयार है। निर्णय उसके पास था। जब उसे शुरूआती सूची में शामिल नहीं किया गया था, तो यह केवल इसलिए था क्योंकि हमने उससे कोई संपर्क नहीं किया था। जिस क्षण उसने वापसी की इच्छा व्यक्त की, उसे शामिल कर लिया गया। किशन की लाल गेंद वाले क्रिकेट में वापसी ऐसे समय में हुई है जब भारत अगले पांच महीनों में 10 मैचों वाले एक लंबे टेस्ट सत्र में प्रवेश कर रहा है, लेकिन उनकी वापसी आसान नहीं होगी। किशन ने पिछले साल भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, जब ऋषभ पंत दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना के दौरान लगी चोटों से उबर रहे थे।

जुलाई 2023 में उस कैरेबियाई दौरे का दूसरा टेस्ट किशन का आखिरी प्रथम श्रेणी मैच है। उन्हें 2023-24 के दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भी टेस्ट टीम में चुना गया था, लेकिन उन्होंने मानसिक थकान का हवाला देते हुए खुद को रिलीज करने के लिए कहा था। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के दौरान वह टेस्ट में वापसी के लिए तैयार थे।

लेकिन केएस भरत और ध्रुव जुरेल से पिछड़ गए, क्योंकि उन्होंने चयनकताओं को बताया कि वह तैयार नहीं हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी हिस्सा नहीं लिया, और चयनकर्ता, जिनके सुझावों को बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध सूची तैयार करते समय ध्यान में रखता है, इस बात से खुश नहीं थे कि किशन ने झारखंड के लिए खेलने के बजाय बड़ौदा में अपने आईपीएल कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ निजी तौर पर प्रशिक्षण लेने के लिए खेल से दूर अपना समय बिताया। पंत अब वापस एक्शन में हैं, और जुरेल, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी और ग्लववर्क दोनों से प्रभावित किया। खासकर रांची में प्लेयर-ऑफ-द-मैच प्रदर्शन के दौरान, भारत की रेड-बॉल कतार में किशन से आगे निकल गए हैं। किशन, जिनके पास इस साल ग्रेड सी अनुबंध था, उसे खो दिया, 2023 में दो टेस्ट, 17 वनडे और 11 टी20 मैच खेले। वह 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के दौरान भारत की टीम का भी हिस्सा थे और शुभमन गिल के बीमार होने पर शीर्ष क्रम में दो मैचों में शामिल थे।

## क्रिकेट वेस्टइंडीज से अलग होंगे जॉनी ग्रेव्स

**नई दिल्ली। एजेंसी**

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के लंबे समय से सीईओ रहे जॉनी ग्रेव्स ने संगठन से नाता तोड़ लिया है। वह अक्टूबर के अंत तक सीडब्ल्यूआई छोड़ देंगे। उन्होंने कहा यह सही समय है कि कोई नया व्यक्ति नई ऊर्जा के साथ संगठन का नेतृत्व करे और इस महत्वपूर्ण कार्य को जारी रखे तथा मौजूदा मजबूत नींव पर काम करे। सीडब्ल्यूआई ने कहा कि वह अगले सीईओ का चयन करने के लिए एक व्यापक भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। ग्रेव (48), जो फरवरी




2017 से इस पद पर हैं, ने क्रिकबज को बताया, ₹मैं चाहता था कि मैं सीडब्ल्यूआई को गवर्नेंस रिफॉर्म पर और अधिक प्रगति करने और वेहबी रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने में मदद कर पाता, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अधिक न्यायसंगत मॉडल के साथ आईसीसी स्तर पर अधिक प्रगति कर पाता और विशेष रूप से जमीनी स्तर पर क्रिकेट के लिए सीडब्ल्यूआई को नया राजस्व लाने के लिए और अधिक काम कर पाता, जो वेस्टइंडीज में खेल के दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अपने सात साल के कार्यकाल के दौरान, उन्होंने बोर्ड और खिलाड़ियों के बीच संबंधों को काफी बेहतर बनाया।

## ईसीबी और क्रिकेट स्कॉटलैंड ओलंपिक 2028 में टीम ग्रेट ब्रिटेन को उतारने की बना रहे योजना

**लंदन। एजेंसी**

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट स्कॉटलैंड ने लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेलों में पुरुष और महिला ग्रेट ब्रिटेन (जीबी) क्रिकेट टीमों को मैदान में उतारने की योजना के बारे में बातचीत शुरू कर दी है। क्रिकेट 1900 के बाद पहली बार ओलंपिक में वापस आएगा, जब पिछले साल के अंत में इसे शामिल किए जाने की पुष्टि की गई थी। विवरण की पुष्टि होना अभी बाकी है, लेकिन आईसीसी ने महिला और पुरुष दोनों प्रतियोगिताओं के लिए छह-टीम टी-20 टूर्नामेंट का प्रस्ताव दिया है, जो लगभग एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है और जो संभवतः एक साथ नहीं बल्कि लगातार खेले जाएँगे।




क्वालिफिकेशन विवरण की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन आईसीसी की टी-20 रैंकिंग का कुछ हद तक उपयोग किया जाएगा। अधिकांश देश अपनी सामान्य शैली में प्रतिस्पर्धा करेंगे, लेकिन अगर इंग्लैंड क्वालीफाई करता है तो वे बाकी ओलंपिक की तरह ग्रेट ब्रिटेन के रूप में खेलेंगे।

## वाणिज्य



# यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशन और फर्स्टक्राइ की शेयर बाजार में धांसू एंट्री

### – लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को हुआ जबरदस्त मुनाफा

**नई दिल्ली। एजेंसी**




घरेलू शेयर बाजार में दो कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए शानदार एंट्री की है। इन कंपनियों में यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस के शेयर ऑफर प्राइस की तुलना में दोगुनी से अधिक कीमत पर लिस्ट हुए। इसी तरह फर्स्टक्राइ के शेयर 40 प्रतिशत प्रीमियम के साथ शेयर बाजार में लिस्ट हुए।

यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 6 से 8 अगस्त तक खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिसके कारण ये ओवरऑल 168.35 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में सबसे अधिक बोली नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) ने लगाई थी, जिसके कारण एनआईआई का हिस्सा 252.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था, जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 130.99 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ के तहत निवेशकों को 108 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए गए थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में इसकी लिस्टिंग 230 रुपये पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में इसकी लिस्टिंग 235 रुपये के भाव पर हुई। लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को 118 से 120 प्रतिशत तक का लिस्टिंग गेम मिल गया था। कारोबार की शुरूआत होने के बाद यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस के शेयर उछल कर 256.15 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गए। इस तरह इस आईपीओ के निवेशकों को 137.5 प्रतिशत तक का मुनाफा हो गया है।यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस विभिन्न कंपनियां, लॉजिस्टिक प्रोवाइडर्स और सेलर्स को ई-कॉमर्स सर्विस उपलब्ध कराती है। यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस के भारतीय क्लाइंट्स में जीवामी, मामाअर्थ, लेंसकार्ट और सेलो जैसी कंपनियां शामिल हैं। यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक इसके क्लाइंट्स में 7 देशों की 43 कंपनियां शामिल हैं।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है।

अमेरिका में होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्लूपीआई) और कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) के आंकड़े कल आने वाले हैं। महंगाई के इन आंकड़ों के आने के पहले अमेरिकी बाजार में निवेशक काफी संभल कर कारोबार कर रहे हैं। इसी वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 140 अंक की



गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.23 अंक यानी 0.002 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 5,344.39 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,780.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,210.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 17,726.47 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में आज कच्चे तेल की कीमत में कुछ गिरावट है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.50 डॉलर यानी 0.61 फीसदी की गिरावट के साथ 81.80 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.49 डॉलर यानी 0.61 फीसदी लुढ़ककर 79.57 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर है। देश में आज पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक 9 सितंबर को

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक 9 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में होगी। इस बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को तर्कसंगत बनाने पर चर्चा की जाएगी। परिषद की पिछली बैठक 23 जून, 2024 को हुई थी। जीएसटी परिषद ने एक्स पोस्ट पर जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक नौ सितंबर, 2024 को नई दिल्ली में होगी।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी। इस बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने टैक्स 'स्लैब' को कम करने के अलावा जीएसटी के तहत उल्टा शुल्क हटाने पर चर्चा होने की संभावना है। इससे पहले जीएसटी परिषद की पिछली बैठक 23 जून, 2024 को राजधानी नई दिल्ली में



हुई थी। इस बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी परिषद की अगली बैठक में बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) कार्य की स्थिति और समिति के द्वारा 'कवर' किए गए पहलुओं तथा समिति के समक्ष लंबित कार्यों पर एक प्रस्तुति देगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र तथा राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। ये संस्था एक जुलाई, 2017 से काम कर रही है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जोधपुर में तिरंगा यात्रा को किया रवाना, तिरंगा प्रतिज्ञा भी दिलाई

चमकता राजस्थान





जोधपुर, 13 अगस्त। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार 13 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से जिला प्रशासन, जिला परिषद व आईसीडीएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र प्रेम की भावना से जोड़ा है। यह समस्त देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने का पर्व है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में हर वर्ग, हर श्रेणी के व्यक्ति का योगदान नितान्त आवश्यक है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को हर संभव प्रयास करने हैं। उन्होनें प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने की अपील भी की।

उपमुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों, युवाओं महिलाओं सहित प्रत्येक व्यक्ति को तिरंगा प्रतिज्ञा भी दिलवाई। इसके साथ ही तिरंगा कैनवास पर हर घर तिरंगा का संदेश देते हुए हस्ताक्षर कर राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत नशे के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर कर नशा मुक्ति का संदेश भी दिया।

शहर विधायक अतुल भंसाली व शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने कार्यक्रम स्थल पर उपमुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री को पौंधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

## तिरंगा यात्रा रैली का रूट इस प्रकार रहा

सूर्यनगरी जोधपुर के निवासी 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा रैली के साक्षी बने। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से पावटा सर्कल, सोजती गेट, घंटाघर, पुलिस लाइन होती हुई के.एन.कॉलेज से पावटा सर्कल व पुनः कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची।

रैली में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जिला परिषद, शिक्षा विभाग के कार्मिकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आदि ने वाहनों पर भारत माता की जय जयकार के साथ देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा रैली में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद डॉ. धीरज कुमार सिंह, एडीएम प्रथम दीप्ति शर्मा, एडीएम द्वितीय रतनलाल योगी, उप निदेशक आईसीडीएस श्रीमती आकांक्षा बैरवा सहित समस्त अधिकारियों, कार्मिकों व गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

## दिया कुमारी ने किया वीर दुर्गादास की मूर्ति का अनावरण

चमकता राजस्थान

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बालोतरा जिले के कनाना में मारवाड़ के महानायक राष्ट्रवीर दुर्गादास की 386वीं जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति का अनावरण कर उनके अदम्य साहस व पराक्रम को याद कर नमन किया।

मूर्ति अनावरण समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मारवाड़ राजपूत समाज के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी जी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी, ठा. देवेंद्र करण सिंह ,कनाना सरपंच कुं. चैनकरण राठौड़, बालोतरा भाजपा अध्यक्ष बाबू सिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक कानसिंह कोटड़ी, पूर्व शिव भाजपा प्रत्याशी स्वरूप सिंह राठौड़ (खारा), समस्त प्रधान गण एवं सरपंच गण, मारवाड़ से पधारे समस्त सरदार गण, पार्टी पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता एवं सर्व समाज के सम्मानित जन उपस्थित रहे।



# उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी का बालोतरा दौरा

## शक्ति पीठ मां नागणेच्या जी के दर्शन कर प्रदेश की उन्नति एवं खुशहाली की कामना की

चमकता राजस्थान

**बालोतरा, 13 अगस्त**। उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी मंगलवार को जिले के दौरे पर रही। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने शक्ति पीठ मां नागणेच्या जी के दर्शन कर प्रदेश की उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात, एक पेड़ मां के नाम और हरियालो राजस्थान के अंतर्गत मंदिर परिसर में मारवाड़ राजपूत सभा द्वारा आयोजित विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लगभग पांच हजार पौधों को रोपित कर उनके संरक्षण का हम सभी ने संकल्प लिया।

उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेवासियों से अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की।

उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार निरंतर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। हमारा प्रयास हर क्षेत्र में विकास करना है, कही भी विकास की कोई कमी नही रहेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि मंदिर प्रांगण के पास की दोनो सड़कों एवं निर्माणाधीन भवन का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।



इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ''ान पर देश में सघन वृक्षारोपण महाभियान चलाया जा रहा है। आज पर्यावरण संकट को पूरा विश्व महसूस कर रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती मानव जीवन के लिए संकट है। प्राकृतिक संसाधनों के अति दोहन के कारण आज विकट परिस्थितियां पैदा हुई है। बढ़ता तापमान इसी का परिणाम है। वर्षा का पैटर्न बदल गया है। इसके समाधान के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। साथ ही हमें अपनी आवश्यकता के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना चाहिए।

इस कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ राजपूत समाज के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, नागणेच्या माता ट्रस्ट के अध्यक्ष उम्मेद सिंह, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, पूर्व बायतु भाजपा प्रत्याशी मालाराम, पूर्व शिव भाजपा प्रत्याशी स्वरूप सिंह जी राठौड़ (खारा), भैरूंदा प्रधान जसवंत सिंह थाटा, बाड़मेर भाजपा अध्यक्ष बाबू सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारीगण व आमजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार पर निकली रैली




**चमकता राजस्थान/सुमेर सिंह राव। उदयपुरवाटी**। कस्बे में सर्व हिंदू समाज की ओर से मौन रैली निकाली गई। खेल मैदान से शुरू हुई रैली मुख्य बाजार होते हुए शाकमभरी गेट, बस स्टेंड होते हुए वापस खेल मैदान पहुंची। इसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओ ने अखंड भारत संकल्प लिया और दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा पाठ किया। इस दौरान आरएसएस के पूर्व जिला कार्यवाह जीवन शाह, गोपाल दास महाराज इंद्रपुरा, रामनारायण दास त्यागी महाराज, सहजिला कार्यवाह गंगाराम मौर्य, संपर्क प्रमुख महेंद्र सैनी, खंड कार्यवाह राजेंद्र सिंह शेखावत, दारथ राव, वैद्य राकेश सैनी, पूनम सोनी, रजत मोरिया, बजरंग सोनी, एबीवीपी के प्रदेश मंत्री अभिनव सिंह, जिला संयोजक पंकज सैनी, प्रदीप, छाजूराम डिग्रवाल, पार्षद घनश्याम स्वामी, सचिन जांगिड़, द्वारका प्रसाद जांगिड, सुभाष सैनी, बनवारी लाल मीणा, लोकेश माहिच, नितेश सैनी सहित अनेक हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा आज

एबीवीपी की ओर से स्वतंत्र दिवस के पूर्व 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। जिला समिति सदस्य प्रदीप सैनी ने बताया कि हर वर्ष को भांति इस बार भी एबीवीपी की ओर से 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से कस्बे के खेल मैदान से तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में संपन्न होगी।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर फहराया जाएगा तिरंगा: मदन राठौड़

## भाजपा 14 अगस्त को मनाएगी ''विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस''

चमकता राजस्थान




जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''घर-घर तिरंगा अभियान'' और ''विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस'' पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''घर-घर तिरंगा'' फहराने की गौरवमयी अपील की है। इसका मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि 15 अगस्त आजादी का महापर्व के तौर पर मनाया जा रहा है। देश के 140 करोड़ देशवासियों के लिए गौरव के इस पर्व को तिरंगा अभियान से जोड़कर दोगुना करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर सभी अपने घर, प्रतिष्ठान, गली, मोहल्लों में तिरंगा फहराएंगे। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता इस घर घर तिरंगा अभियान को लेकर आमजन को तिरंगा यात्रा निकालकर जागरूक भी कर रहे है।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि वहीं दूसरी ओर 14 अगस्त को भाजपा विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाएगी। 14 अगस्त 1947 को लाखों लोग इधर से उधर हो गए, घर-बार छूटा, परिवार छूटा, लाखों की जानें गईं। यह दर्द विभाजन का था। ऐसे में भारत के लिए यह विभीषिका से कम नहीं था। इसी दर्द को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का ऐलान किया था।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने ''आजादी आई आधी रात'' पुस्तक की चर्चा करते हुए कहा कि 1947 के उस क्षण को यादकर आज भी लोगों की रूह काप जाती है। एक ओर आजादी की खुशी थी तो दूसरी ओर आजादी के बाद हुए विभाजन का दुःख भी था। कांग्रेसी नेताओं ने देश को धर्म के नाम पर विभाजित करने का काम किया। कांग्रेसी नेताओं ने नक्शे पर विभाजन तो कर दिया लेकिन इसके बाद हजारों-लाखों लोगों के जीवन पर गहरा संकट खड़ा हो गया था। कई जगहों पर बेकसूर लोगों का कत्लेआम किया गया, हजारों लोगों को घर बार छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। अब एक बार फिर से विपक्षी ताकतें देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है लेकिन हम सब एकजुट है। विपक्ष के मंसूबों को पूरा होने नहीं देंगे। देश के नागरिक देशभक्ति के प्रति जागरूक है और विपक्ष के एजेंडे को समझ चुके है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका प्रयास और सबका विकास की नीति पर कार्य कर रहे है। इस दौरान मंच पर तिरंगा अभियान के संयोजक एवं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।

## डाक्टर मधु भट्ट तैलंग संस्कार भारती जयपुर प्रांत की अध्यक्ष निर्वाचित।




**चमकता राजस्थान। जयपुर**। जयपुर प्रांत की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई,बैठक में जयपुर प्रांत के क्षेत्राधिकार में विभिन्न जिलों टोंक,सीकर, झुंझूनू, बहरोड़, जयपुर ढूंढाड़ सांस्कृतिक क्षेत्र, महानगर जयपुर,ईकाइयों के पदाधिकारी एवं सदस्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे।

दो सत्रों में चली बैठक में आत्माराम सिंघल, मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें डॉ.प्रो.मधुभट्ट तैलंग सर्व सम्मति से जयपुर प्रांत की अध्यक्ष निर्वाचित हुई।

बनवारी लाल चेजारा, जयपुर प्रांत के महामंत्री नियुक्त किए गए, मदन मोहन सिंह चौहान प्रांत कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए ,इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अश्विन दलवी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹संस्कार भारती कला जगत में वैचारिक संगठन है। कला के विभिन्न आयामों को अपनी कार्ययोजना में लेते हुए, हमें परम्परागत विधाओं की परिसीमा से बाहर आकर कार्यक्रम और कला - संस्कारों में नवाचार अपनाने होंगे।प.पू.सरसंघचालक के द्वारा ,कला साधक संगम में,संस्कार भारती की अब तक की यात्रा और कार्य के प्रति अपने प्रकट संतोष और प्रसन्नता हमारी उपलब्धियां हैं। संस्कार भारती के द्वारा समाज परिवर्तन के लिए माननीय सरसंघचालक जी ने जो विचार प्रकट किये है ,उसके अनुरूप कार्यकर्ताओं को कला जगत में काम करना होगा। तभी हम उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतर पायेंगे।

नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ मधु भट्ट तैलंग ने सबके सहयोग, स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि सबके सहयोग और समर्थन से मिलकर काम करेंगे।

उद्घाटन एवं समापन सत्र की अध्यक्षता जयपुर प्रांत की निर्वाचित अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. मधु भट्ट तैलंग द्वारा की गई। उद्घाटन सत्र के उद्बोधन में उन्होंने सभी प्रतिभागी प्रतिनिधियों का स्वागत किया । सांगठनिक गतिविधियों एवं आगामी कार्य योजना का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया,नव नियुक्त महामंत्री श्री बनवारी लाल चेजारा ने सबका आभार व्यक्त किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929